

# अर्थव्यवस्था की दोगुनी रफ्तार
# डबल इंजन की सरकार



उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को दिलाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टैक्सपेयर्स के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं को सकारात्मक माहौल मिला है, जिससे उनकी सेवाओं में भी अभूतपूर्व विस्तार देखने को मिल रहा है। बेहतर प्रबंधन एवं राजकोषीय अनुशासन से प्रदेश की आय में वृद्धि हुई है, राज्य रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उभरा है। पिछले 7 वर्ष में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' एवं 'ईज़ ऑफ लिविंग' पर समान रुप से बल दिया गया है।

**यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित**

**आईटीआर भरने वालों में दूसरा स्थान**

| वर्ष 2014 | वर्ष 2023 |
|---|---|
| 1.65 लाख | 12 लाख |

**एस.जी.एस.टी./ वैट में लगाई ऊंची छलांग**

वर्ष 2016-17 में
**₹51,883 करोड़**

2022-23 में
**₹1.25 लाख करोड़**

## बैंकों द्वारा ऋण वितरण

| वर्ष 2016-17 में | वर्ष 2022-23 | वर्ष 2023-24 (दिसंबर तक) |
|---|---|---|
| ₹1,37,452 करोड़ | ₹3,00,430 करोड़ | ₹2,98,551 करोड़ |

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ऋण वितरण (विभिन्न श्रेणियों में)

| शिशु | किशोर | तरुण |
|---|---|---|
| ₹16,291 करोड़ | ₹18,741 करोड़ | ₹12,396 करोड़ |

## बैंकिंग व्यवसाय

वर्ष 2016-17
₹12.80 लाख करोड़

वर्ष 2023-24
₹26.80 लाख करोड़

**बैंकों/अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में अग्रणी**

2013-14 में
**1.1% हिस्सेदारी**

2022-23 में
**16.2% हिस्सेदारी**

- ₹36,000 करोड़ रुपये से 86 लाख किसानों का ऋण मोचन
- वर्ष 2023-24 में 59% सीडी रेशियो प्राप्त, वर्ष 2024-25 के लिए 65% का लक्ष्य निर्धारित
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 4.59 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 5.54 करोड़ कुल नामांकन
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 1.90 करोड़ कुल नामांकन
- 2.28 लाख बैंक मित्र एवं बीसी सखी कार्यरत
- त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु ₹2,400 करोड़ की व्यवस्था
- 19,705 बैंक शाखाओं का संचालन, 17,852 से अधिक एटीएम संचालित
- ग्राम पंचायतों में 1.80 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित
- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹8,787 करोड़ से अधिक का अल्पकालिक ऋण वितरण




**यूपी ₹1,174.32 करोड़ के डिजिटल लेन-देन के साथ देश का अग्रणी राज्य**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ₹2,412 करोड़ वितरित, देश में सर्वाधिक**

**प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए**

**देश में सर्वाधिक व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत**

- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹257 करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक ऋण वितरित
- सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ₹525 करोड़ की व्यवस्था
- वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में वार्षिक ऋण वितरण योजना के तहत बैंकों के माध्यम से ₹2.06 लाख करोड़ का ऋण वितरित
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम ₹10 लाख की सहायता
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतम ₹5 लाख की सहायता
- 4.18 लाख से अधिक पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरित
- अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1.18 करोड़ नामांकन
- ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक निजी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया ग्रामों को अपनाते हुए 75 स्मार्ट क्लास सहित अन्य विकास कार्य











**नये यूपी की पहचान - सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन**

## एक नजर

### 25 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने सोमवार को तीन वारंटी और सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 25 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गयी।

### 270 ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर थाने की पुलिस टीम ने सोमवार को 270 ग्राम मार्फीन के साथ मंगरौडा निवासी चांद बाबू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की।

### विभिन्न स्थानों पर तमंचे के साथ दो शातिर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा व लोनीकटरा थाने की पुलिस टीम ने सोमवार को तमंचे के साथ दो आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। देवा कोतवाली पुलिस ने टिकरिया निवासी कन्हैया यादव और लोनीकटरा पुलिस ने दुंदीपुर निवासी यार मोहम्मद को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

### गैंगस्टर मामले में गोंडा का आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर थाने की पुलिस टीम ने गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे गोंडा जिले के उमरी बेगम थाना क्षेत्र के एली मांझा निवासी बेचने चौहान को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### शराब के साथ बंदी

**बाराबंकी :** मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने सोमवार को 10 लीटर शराब के साथ सीतापुर के रामपुर मथुरा क्षेत्र के जरावन निवासी अमित को दबोचा। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा किशोर और नकल करते छात्रा पकड़ी गयी

## यूपी बोर्ड : हाईस्कूल और इंटर की दोनों पालियों में 3277 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की नकलविहीन परीक्षा कराने की तैयारियों के बीच भी सेंधमारी थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को सुबह की पाली में एक छात्र के स्थान पर परीक्षा देते जहां मुन्नाभाई धरा गया। वहीं एक छात्रा नकल सामग्री के साथ पकड़ी गई। दोनों पालियों की परीक्षा में पंजीकृत 66841 के सापेक्ष 63564 ने परीक्षा दी। जबकि 3277 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

यूपी बोर्ड की सोमवार को पहली पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 42664 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 40556 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 2108 ने परीक्षा छोड दी। इस दौरान जहां सरस्वती शिशु मंदिर फतेहपुर परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा को डीआईओएस ओपी त्रिपाठी के नेतृत्व वाले सचल दल ने नकल करते पकड़ा। वहीं आधुनिक भारती इंटर कॉलेज कोटवासड़क में बाबू राम मनोहर इंटर कॉलेज ऊधौली में एक छात्र की जगह परीक्षा दे रहा मुन्नाभाई पकड़ा गया।

केंद्र व्यवस्थापक सतीश वर्मा ने सतरिख थाना के जाटा बरौली निवासी पकड़े गए युवक सोनू पर रामसनेहीघाट कोतवाली में केस दर्ज कराया है। वह एक छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी को अपनी हिरासत में ले लिया। वहीं पहली पाली में इंटरमीडिएट के कंप्यूटर, शस्य विज्ञान, कृषि वनस्पति विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 274 छात्र-छात्राओं के स्थान पर 262 ने परीक्षा दी तो 12 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र आदि विषयों की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 22903 छात्र-छात्राओं के स्थान पर 22746 ने परीक्षा दी वहीं 1157 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

## व्यापारी पर गिरा पिलर, घायल

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बारिश के चलते एक दुकान की छत पर बना पिलर गिरने से एक आलू व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

सलारपुर गांव निवासी आलू कारोबारी दीपक सिंह (44) रविवार की रात करीब 10 बजे कस्बा देवा स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने एक दुकान के नीचे खड़े साथी से बात कर रहे थे कि अचानक दुकान की छत पर बना एक पिलर दीपक पर गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे।

# परीक्षा देकर लौट रहे चार छात्र हादसे में हुए घायल

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** परीक्षा देकर एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे चार छात्र सड़क हादसे में घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायन छात्रों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर एक छात्र की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसा सोमवार की सुबह फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के सिहाली मार्ग पर हसनपुर टांडा के पास हुआ। क्षेत्र के बुडानापुर गांव निवासी सुजीत कुमार (17), शुभंम (18), सौरभ (17) व शेखनापुर गांव निवासी अंकित कुमार (17) सुबह हाईस्कूल की परीक्षा देने सिहाली के शिव सावित्री कांवेन्ट इंटर कालेज गए थे।

परीक्षा समाप्त होने के बाद चारों छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर सिहाली मार्ग पर हसनपुर टांडा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से भिडंत हो गई। हादसे में घायल चारों छात्रों को स्थानीय लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां सौरभ की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ध्यान से स्वस्थ रहता है तन : जैन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जिला जेल में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन पूर्व आईएएस डॉ. अनिता भटनागर जैन।

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. अनिता भटनागर जैन के धात्री फाउंडेशन ने जिला कारागार में महिला कैदियों के लिए मेडिटेशन कोर्स शुरू कराया। डॉ. जैन पूर्व में बाराबंकी की जिलाधिकारी भी रह चुकी हैं।

इस दौरान बंदियों को संबोधित करते हुए डॉ. जैन ने कहा कि जो घटित हो चुका है, उसे बदला नहीं जा सकता लेकिन वर्तमान और भविष्य को अवश्य बदला जा सकता है। जीवन प्रथम सांस से अंतिम सांस के मध्य की यात्रा है। इस यात्रा के सांसों के खेल को ध्यान के माध्यम से नियंत्रित कर मन प्रसन्नचित्त व तन स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने महिला कैदियों से बातचीत की और महिला बंदियों के आत्मविश्वास और उत्साह की प्रशंसा की। इसके लिए जेल अधीक्षक कुंदन कुमार को बधाई दी।

डॉ. जैन ने महिला कैदियों को उपहारस्वरूप वस्त्र और मिठाई भेंट की। आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक शशि प्रभा शर्मा महिला कैदियों को सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराएंगी। इस अवसर पर डॉ. अनीता भटनागर जैन ने महानिदेशक कारागार एसएन साबत समेत जेल प्रशासन का आभार जताया।

# प्रतिमाह आयोजित की जाए बोर्ड की बैठक

दरियाबाद, बाराबंकी


दरियाबाद नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में मौजूद अध्यक्ष व सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्थानीय नगर पंचायत की बोर्ड बैठक सोमवार को हुई। सात माह बाद हुई यह बोर्ड बैठक एक घंटे में ही खत्म हो गई। बैठक में सभासदों ने मुद्दा उठाया कि चेयरमैन के देवर नगर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की। कई सभासदों ने प्रतिमाह बोर्ड की बैठक आयोजित करने की मांग की।

सात माह बाद आयोजित बैठक में दरियाबाद क्षेत्र के बड़नपुर में बनने वाले कान्हा गौशाला व दरियाबाद टिकैतनगर मार्ग पर पड़े कूड़े को निस्तारण के लिए नवाबगंज भेजने का प्रस्ताव पास है। वहीं सभासदों द्वारा वार्डों से साफ सफाई, पेयजल की टूटी पाइप लाइन व प्रतिमाह बोर्ड की बैठक करने आदि के विषय पर चर्चा हुई। एक घंटे तक चली बैठक में ईओ शीलू अवस्थी, चेयरमैन रुखशाना बानो, मनीष श्रीवास्तव, निशार खान, गैस मोहमद, सबीना बानो, बाबू लाल सहित वार्ड के सभासद मौजूद रहे।

नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक में सभासदों ने शिकायत की कि चेयरमैन का कोई प्रतिनिधि नहीं होता है। चेयरमैन के देवर सरफराज अपने को चैयरमैन का प्रतिनिधि बताकर अध्यक्ष के कमरे में बैठकर कार्य संचालित करते हैं। नगर पंचायत ऑफिस के कार्यों पर चेयरमैन के देवर सरफराज और शादाब के अनैतिक हस्तक्षेप को रोका जाए।

शिकायत करने के बाद भी अधिशारी अधिकारी द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसके साथ ही कस्बा निवासी अशरफ अली ने ईओ से शिकायत की कि भू माफिया द्वारा अवैध तरीके से की जा रही प्लाटिंग में न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की जा रही है और न ही प्रकाश की। एक ही प्लॉट को दिखाकर कई लोगों से बयाना लिया जा रहा है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षकों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

हैदरगढ़, बाराबंकी


हैदरगढ़ में बीईओ को मांगों का ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आदेश पर शिक्षकों द्वारा बीआरसी हैदरगढ़ में खण्ड शिक्षा अधिकारी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि 30 अक्टूबर और 9 नवम्बर 2023 को हुई वार्ता के क्रम में शिक्षकों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न करके रोज नये-नये आदेश करके केवल शिक्षकों का उत्पीड़न ही किया जा रहा है। वहीं एमडीएम की ऑनलाइन सूचना भेजने का दबाव बनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा नियम विरुद्ध त वेतन रोका जा रहा है। ब्लॉक मंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा टैबलेट के लिए सरकारी सिम तक नहीं दिया गया है। उन्होंने शिक्षकों को 31 उपार्जित अवकाश, प्रत्येक द्वितीय शनिवार को अवकाश, अर्द्ध आकस्मिक अवकाश देने की मांग की। बैठक में अवधेश, आशीष, आमोद, दीपक, अमित समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। रामनगर शिक्षा क्षेत्र में स्कूल शिक्षा महानिदेशक को संबोधित तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन बीईओ को प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में दिया गया।

## टैबलेट तो मिले नहीं दिया सिम

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति तथा एमडीएम की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभाग द्वारा निरंतर डाला जा रहा है। शासन ने टैबलेट उपलब्ध करा दिए हैं पर सिम नहीं दिया। निरीक्षण कर्ता द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम खरीदने का दबाव बनाया जा रहा। प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय प्रतिनिधित्व मंडल निरंतर इसका विरोध कर रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री विवेक वर्मा ,सुनील कुमार पूरनचंद, आशीष कुमार, वीरेंद्र विक्रम सिंह अमित कुमार सुभाष चंद्र ,आदि शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अर्थदंड की सजा से निपटे सात मामले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में सोमवार को अर्थदंड की सजा के साथ सात मामलों का निस्तारण अलग-अलग अदालतों ने किया। हैदरगढ़ कोतवाली में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में बम्हरौली निवासी ननकऊ उर्फ रमेश उर्फ रामेश्वर को जेल में बिताई गई अवधि और एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया। मसौली थाने में मारपीट के मामले में कैलाश सिंह को एक हजार रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई। मसौली में ही गाली गलौज के मामले में तेजनरायन, राकेश व लल्लू को पांच-पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी गई। रामनगर में अश्लीलता के दोषी रियाज, असद और पवन को पांच-पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया गया। घुंघटेर थाने में दर्ज मारपीट मामले में संजय कुमार को सात सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी गई। कुर्सी में शराब के साथ पकड़े गए जबरी खुर्द मजरे अनवारी निवासी बाबू को तीन हजार रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी गई।

## सार-संक्षेप

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर की हुई शुरुआत


जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में शिक्षकों का स्वागत करते छात्र।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय जवाहर लाल नेहरू परास्नातक महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह ने एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस शिविर में एनएसएस की तीन इकाइयां भाग ले रहीं हैं। उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य ने प्रस्तावित कार्ययोजना, अनुशासन, छात्र जीवन एनएसएस के महत्व के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया। इस अवसर पर छात्र- छात्रों ने संकल्प गीत गाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रो .विजय कुमार वर्मा, प्रो . मनीष पाण्डेय एवं प्रो . सुनीता यादव एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो .शार्दुल विक्रम सिंह, प्रो . रीना सिंह, प्रो .अनिल कुमार विश्वकर्मा व जिला नोडल अधिकारी, सहित तमाम शिक्षक शिक्षकाओं व छात्र छात्राओं की सहभागिता रही।

### पुलिस की कार्यशौली पर भाकियू ने उठाए सवाल

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन क्षेत्राधिकारी फतेहपुर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू ने दोषी के विरुद्ध जांच कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष जैसीराम आर्य व अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सोमवार को क्षेत्राधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। जैसीराम आर्य ने बताया कि ग्राम मसूदपुर ग्राम पंचायत वतिया निवासी हंसराज पुत्र पुत्तीलाल ने अपने दिये गये प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि बलराम पुत्र मनीराम ने हंसराज की बोरिंग से लोहे की कोनिया व पांच फिट सिक्सन खोल लिया गया था। जिसके दो दिन बाद हंसराज को लोहे की कोनिया व पांच फिट सिक्सन दे दिया गया है। बावजूद इसके दारोगा संजय यादव द्वारा स्वयं वादी बनकर फर्जी घटनाक्रम और घटना स्थल दिखाकर बलराम के हाथ में जिन्दा कारतूस और कट्टा दिखाकर जेल भेज दिया गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर रमेश, जयचन्द्र, विष्णु, जयकरन समेत कई किसान मौजूद रहे।

### संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** के ब्रह्मनान वार्ड में ओमप्रकाश पांडेय के सौजन्य से चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। कथा स्थल पर पहुंचे सभासद शिवा वर्मा ने व्यास व उनकी पूरी टीम को माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया तथा कथा सुनी।

# मांगें पूरी न हुईं तो आशा बहुएं करेंगी प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आशा बहू स्वास्थ्य समित की मासिक बैठक स्थानीय गांधी भवन परिसर में सोमवार को हुई। इसमें बड़ी संख्या में आशा बहुओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता संगठन की जिला अध्यक्ष सुनीता देवी ने की। पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन ने 6 सूत्री मांग पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव को सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 मार्च तक मांगें पूरी न की गयीं तो वे प्रदर्शन करेंगी।

संगठन की जिलाध्यक्ष सुनीता देवी ने मांग पत्र में कहा है कि आशा व आशा संगिनी के मार्च में मदों से होने वाले भुगतान के बाद भी हर साल कमिटेड क्यों किया जाता है। उन्होंने सीएमओ से मांग की कि अगर समय रहते सीएचसी में लंबित भुगतान नहीं होता है तो संबंधित अधीक्षक व वीसीपीएम के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सीएचसी पर संगिनी की नियुक्ति की मांग, नवीन आशाओं की संख्या बढ़ाने, पीएम मातृत्व वंदना योजना आदि अन्य मदों के भुगतान की मांग की । उन्होंने कहा कि यदि 15 मार्च तक मदों का भुगतान नहीं होता है तो आशा बहुएं सीएमओ कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी।

# प्रेरणा कैंटीन में लटक रहा है ताला

रामसनेहीघाट, बाराबंकी



बंद पड़ी प्रेरणा कैंटीन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार द्वारा सभी सरकारी संस्थानों में कुछ वर्ष पहले प्रेरणा कैंटीन की स्थापना कर इनके संचालन की जिम्मेदारी महिला समूहों को देकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया गया था। इसके तहत जगह-जगह यह कैंटीन खुलवायी गयी थीं। शुरू में प्रेरणा कैंटीन की पहल कारगर साबित होती दिख रही थी लेकिन अब इनकी हालत खराब हो जा रही है। यही वजह है कि कुछ जगहों पर प्रेरणा कैंटीन पर ताला लटक रहा है। इससे महिलाओं के रोजगार पर संकट गहरा गया है।

ब्लॉक बनीकोडर के परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रेरणा कैंटीन खुलने के कुछ महीनों के बाद ही बंद हो गई । स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने सरकारी संस्थाओं में प्रेरणा कैंटीन की स्थापना कराई थी।

इस योजना के तहत माता वैष्णोदेवी स्वयं सहायता समूह की सरोज देवी द्वारा ब्लॉक परिसर में कैंटीन खोली गई थी। जो कुछ माह चलने के बाद बन्द हो गई। कैंटीन संचालक समूह से जब बात की गई तो बताया कि घर पर एक लोग बीमार थे। इस वजह से बंद थी। अब इसके संचालन के लिए गए तो ब्लॉक मिशन मैनेजर ने खोलने ही नहीं दिया।

वहीं इस संबंध में बीएमएम सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि कैंटीन संचालन का जिम्मा अब दूसरे समूह को दिया गया है। जल्द ही कैंटीन दोबारा संचालित की जाएगी।

**व्यवस्था** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देवा ब्लाक के उचित दर विक्रेताओं को बांटी गयीं मशीनें, राशन की घटतौली पर लगेगा अंकुश

# 98 कोटेदारों को दी गयी इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कार्डधारकों को मिलने वाले राशन में घटतौली रोकने को लेकर कोटेदारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन वितरण की जा रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं की अक्सर शिकायत रहती है कि कोटेदार द्वारा राशन में घटतौली की जाती है। इस मनमानी को रोकने के लिए शासन ने कोटेदारों को इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन उपलब्ध करा दी है। जिसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो सकेगी।

इसी क्रम में सोमवार को भी शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देवा ब्लॉक के 98 राशन की दुकान के लाइसेंसधारकों को इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीनों का वितरण किया गया। इस दौरान कोटेदारों की भीड़ रही। मौके पर मौजूद खाद्य एवं रसद विभाग के कर्मचारियों ने कोटेदारों को इस मशीन के बारे में जानकारी भी दी। विभाग के अनुसार अब तक बंकी, मसौली और हरख ब्लॉक के कोटेदारों को यह मशीनें दी जा चुकी हैं।

### कोटेदार के स्टॉक में दर्ज होगा बचा राशन

बताया जा रहा है कि राशन कार्डधारकों को मिलने वाली खाद्यान्न में घटतौली होने की लगातार बढ़ती शिकायतों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वितरण की नई व्यवस्था की गयी है। इसके तहत कोटेदार के तौल कांटे को ई-पॉस मशीन से लिंक कर दिया जाएगा। इससे कोटेदार के स्तर पर वितरण में घटतौली करने पर बचा हुआ राशन अनाज कोटेदार के स्टॉक में दर्ज हो जाएगा। इससे जांच के दौरान वितरण में होने वाली गड़बड़ी को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। नई व्यवस्था में राशन कार्ड में यूनिट का बॉयोमेट्रिक सत्यापन होने से उतने ही यूनिट के राशन की तौल कांटे पर होगी। इसमें किसी भी तरह का बदलाव कोटेदार के स्तर पर संभव नहीं होगा।


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन के साथ कोटेदार।

# 88 करोड़ से विकास को मिलेगी गति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**पूरे होंगे कार्य**

- 15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों को मिला बजट

**अमृत विचार :** 15वें वित्त आयोग से करीब 88 करोड़ से अधिक की धनराशि पंचायतों को भेजी गई है। इस राशि से गांवों में रुके हुए विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। साथ ही विकास कार्यों की निगरानी भी की जाएगी। बजट को लेकर कई गांवों में विकास कार्यों को लेकर समस्या आ रही थी। 15वें वित्त आयोग से सर्वाधिक धनराशि 1154 ग्राम पंचायतों को मिली है। इस धनराशि से ग्राम पंचायतों में नाली, खड़ंजा, ठोस-द्रव अपशिष्ट प्रबंधन आदि से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

गांवों में नाली के साथ ही फिल्टर चैंबर, सोख्ता निर्माण, मिट्टी भरान आदि कार्य किए जाने हैं। गांवों में विकास कार्यों में गति आएगी। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले ही केंद्र सरकार ने गांवों के विकास के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत 88 करोड़ की धनराशि पंचायतीराज विभाग को उपलब्ध कराई है।

यह धनराशि ग्राम पंचायत की आबादी के अनुसार और कार्ययोजना के आधार पर भेजी गई है। लगभग हर ग्राम पंचायत के हिस्से में पांच से सात लाख रुपये तक की धनराशि आई है। धनराशि मिलने के बाद अब ग्राम पंचायतों में रुके हुए निर्माण कार्य तेजी से पूरे हो सकेंगे। इनमें खासकर लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बूथ बनाए गए परिषदीय स्कूलों और पंचायत भवनों पर व्याप्त कमियों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही जिला पंचायत को भी शासन से करोड़ों रुपये का बजट दिया गया है। इससे जिला पंचायत की सड़कों का निर्माण, मरम्मत कार्य व अन्य विकास कार्यों में सहूलियत मिलेगी। क्षेत्र पंचायत के लिए भी बजट मिलने की बात कही जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी नितेश भोंडेले ने बताया कि सरकार की ओर से मिले धन से विकास योजनाओं को रफ्तार मिलेगी। धनराशि के खर्च की निगरानी की जाएगी।

# कमिश्नर व आईजी ने परखीं मेले की तैयारियां

## अभरन सरोवर, प्रवेश और निकास द्वार का किया निरीक्षण, डीएम से ली महादेवा कॉरिडोर की जानकारी

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा पहुंचे मंडलायुक्त गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार ने सोमवार को मेले का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने महादेवा कॉरिडोर के संबंध में भी जिलाधिकारी से जानकारी ली।

सोमवार को दोपहर में लोधेश्वर महादेवा मेला पहुंचे आईजी और कमिश्नर ने मेला परिसर अभरन सरोवर, मंदिर के प्रवेश द्वार, निकास द्वार, मंदिर के पीछे स्थित बाग जहां कांवरिया अधिक संख्या में रुकते हैं, बैरिकेडिंग, होल्ड अप एरिया आदि का स्थलीय निरीक्षण किया और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर तरीके से दर्शन कराए जाने के लिए की गई व्यवस्था तथा भीड़ का अधिक दबाव होने पर रोकने का इंतजाम आदि के बारे में विस्तार जानकारी ली। आईजी ने वाहनों को रोकने के लिए की गई पार्किंग के बारे में पूछा। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग में मजबूत बल्ली इस्तेमाल किए जाने का निर्देश दिया। कहा।



लोधेश्वर महादेवा मेला परिसर का निरीक्षण करते कमिश्नर और आईजी, साथ में डीएम और एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी से महादेवा कॉरिडोर के संबंध में प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि केसरीपुर क्रॉसिंग के बाद से मेला परिसर तक रोड चौड़ी की जानी है। आईजी और कमिश्नर के साथ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एएसपी सीएन सिन्हा, एसडीएम पवन कुमार, प्रशिक्षु एसडीएम श्वेता मिश्रा, सीओ आलोक पाठक, सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा, सीओ जगत कुशवाहा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी दीपक चौधरी, विद्युत दिलीप यादव समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिला न्यायालय व तहसील स्तर पर 9 मार्च को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्व न्यायालय, प्री-लिटिगेशन स्तर पर, बैंक, बीएसएनएल, परिवहन विभाग, यातायात विभाग, वाणिज्य न्यायालय, मोटर दुर्घटना, परिवार न्यायालय, एससी/एसटी एक्ट, पॉक्सो अधिनियम व फास्ट ट्रेक कोर्ट सहित जनपद स्थित न्यायालय में लंबित वादों सहित अन्य मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसमें वादों का निपटारा निःशुल्क किया जाता है। इसलिए इस लोक अदालत में पहुंच कर अपने वादों का निपटारा करा सकते हैं और इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं।

### जमीन की रंजिश में युवक को पीटा

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** मिश्रन पुरवा सरैया के अंकित मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि जमीनी रंजिश को लेकर सोमवार की सुबह गांव के ही मदन मोहन शुक्ला, शिवम शुक्ला उसके घर पहुंचे और उसकी पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि नामजद दो आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# नाली पटाई के कार्य में धांधली का आरोप

## मनमानी

▸▸ मामले की जांच कराने की सीडीओ ने कही बात

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील नवाबगंज के अंतर्गत इब्राहिमाबाद ग्राम पंचायत में कराए गए नाली पटाई कार्य में ग्रामीणों ने धांधली का आरोप लगाया है। नाली पटाई के लिए रखे गए पत्थर घटिया किस्म के हैं। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन पर पैर रखते ही इनमें दरार पड़ जा रही है। ऐसे में धनराशि खर्च करने के बाद भी स्थिति पहले की तरह ही हो जाती है और खुले में नाली का पानी बहता है और मच्छरजनित रोग पैदा होते हैं।

विकास खंड हरख के इब्राहिमाबाद में ग्राम पंचायत द्वारा रामउदित के घर से केदार के घर तक नाली का निर्माण कराया गया था। नाली का गंदा पानी बाहर न बहे और मच्छर आदि न उत्पन्न हो सकें। इसके लिए नाली के ऊपर पत्थर भी रखवाए गए थे लेकिन पत्थरों में धांधली बरती गयी और



नाली के ऊपर रखे पत्थर में पड़ी दरार।

घटिया निर्माण सामग्री से यह पत्थर बनाकर रखवा दिए गए। अब आलम यह है कि इन पत्थरों पर हल्का सा जोर पड़ते ही यह पूरी तरह से टूट जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नाली का कुछ हिस्सा पुराना है जिस पर नई ईंटें रखकर उसे नया नाली निर्माण दिखाकर पैसा निकाल लिया गया है। दोनों मामलों की जांच होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर नाली का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले में सीडीओ ए.सुदन ने जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

# महादेवा में कांवरियों का लग रहा तांता

## आस्था

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेवा आने वाले कांवरियों की संख्या में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। कांवर चढ़ाने और जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों और श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

पूरा मेला क्षेत्र हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज रहा है। उधर मेला प्रशासन भी अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है। किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न होने पाए इसका विशेष ध्यान मेला प्रशासन द्वारा रखा जा रहा है।

दूरदराज के जिलों से पैदल यात्रा कर कंधे पर कांवर रखे नाचते गाते शिवभक्त महाभारतकालीन लोधेश्वर महादेवा मंदिर पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि कांवरियों की टोलियों में सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं और बच्चियां भी शामिल हैं। महादेवा में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ है। मेला क्षेत्र व महादेवा जाने वाले



लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने के लिए जाता कांवरियों का जत्था। अमृत विचार

मार्गों पर कांवरियों के जत्थे ही दिख रहे हैं। कानपुर देहात के भोगनीपुर के महंत कमलेश सिंह निषाद के साथ 60 कांवरियों का जत्था पदयात्रा करते हुए बोहनिया तालाब पहुंचा।

इस जत्थे में अजय, राजेश, श्रीपाल, लाखन, अर्जुन सहित महिला कांवरिया शामिल थीं। कानपुर देहात के ही नौगांव के रहने वाले महंत गोविंद सिंह के साथ जत्थे में शामिल 40 कांवरियों ने महादेवा पहुंचकर जलाभिषेक किया।

महंत ने बताया कि वे लोग कई वर्षों से कांवर लेकर जलाभिषेक करने के लिए लोधेश्वर महादेवा आ रहे हैं। कानपुर के बिठूर से गंगा जल भरकर महादेवा पहुंचे कांवरियों ने पूजा अर्चना के बाद पण्डाल में बैठकर थकान दूर की। बीते दो दिनों में हुई बरसात से मंदिर के पीछे स्थित भाग में जलभराव हो गया है। इसके चलते वहां रुकने वाले शिवभक्तों को दिक्कतें हो रही हैं। हालांकि सोमवार का मौसम साफ होने पर मेला प्रशासन ने काफी हद तक जलभराव खत्म करने की कोशिश की।

# टेंट खोल रहे श्रमिक की करंट से मौत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सुखवापुर गांव में सोमवार की सुबह टेंट खोल रहा एक श्रमिक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के सुखवापुर गांव में शनिवार नजीर की बेटी का निकाह था। इस कार्यक्रम में गांव के ही टेंट हाउस संचालक इंद्र कुमार सिंह ने टेंट लगा रखा था। जिस जगह पर टेंट लगाया गया था उसके ठीक ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजरी थी। रविवार को हुई बारिश में टेंट भीग गया था।

सोमवार की सुबह टेंट हाउस पर काम करने वाला युवक अमित सिंह (19) पुत्र राम अचल निवासी जगदीशपुर बवरिहा कोतवाली देहात अपने अन्य साथियों के साथ टेंट खोल रहा था। तभी वह टेंट में लगे लोहे के पाइप में उतर रहे हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से बेहोश हो गया।

स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे नवाबगंज सीएचसी लेकर पंहुचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**गोंडा, अमृत विचार :** युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। अमित सिंह अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता मुंबई में रहकर मेहनत-मजदूरी का काम करते हैं। वह भी टेंट हाउस का काम करने वाले इंद्र कुमार सिंह के पास मजदूरी करता था। सोमवार को वह टेंट खोल रहा था इसी बीच करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। इस घटना से परिवार पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है।


समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' लखनऊ नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

**प्रपत्र-4**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : लखनऊ |
| 2. प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 25/116-ए, जप्लिंग रोड, लखनऊ |
| 5. सम्पादक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : रुहेलखंड इंण्टरप्राइजेज बरेली |

मैं त्रिनाथ शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य हैं।

तारीख: 5 मार्च, 2024

हस्ताक्षर
त्रिनाथ शुक्ला
मुद्रक/प्रकाशक


# आमने-सामने टकरायीं दो बाइकें, तीन छात्र घायल

▸▸ नवाबगंज थाना क्षेत्र के बहादुरा गांव के समीप हुआ हादसा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बहादुरा गांव में नवाबगंज - मनकापुर मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इस हादसे में परीक्षा देने जा रहे 3 छात्र गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नवाबगंज के मंहगूपुर गांव निवासी सिद्धार्थ मिश्रा (17) पुत्र शिव शंकर मिश्रा हाई स्कूल का छात्र है। सोमवार की सुबह वह परीक्षा देने बाइक से मधवापुर टिकरी स्थित कन्हैया बख्श सिंह इंटर कॉलेज जा रहा था। साथ में उसका दोस्त रविशेक (22) पुत्र मुकेश मौर्या निवासी सुभागपुर भी था। गौरव सिंह (22) पुत्र काली प्रसाद निवासी महेवा गोपाल मोतीगंज भी उसी विद्यालय में बाइक से परीक्षा देने जा रहा था। रास्ते में किशुनदास रेलवे क्रासिंग के पास नवाबगंज-मनकापुर मार्ग पर दोनों बाइकें टकरा गयीं।

हादसे में तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस के माध्यम से तीनों घायलों को नवाबगंज सीएचसी लाया गया।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आपराधिक मामलों में वांछित की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस ने छापेमारी की। परसपुर थाना के एसआई आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने पुलिस टीम के साथ रामपाल पुरवा बहुवन मदार माझा के रहने वाले भूलन (45), राजभवन (41), ग्राम राम आसरे पुरवा मौजा सरैया के रहने वाले भोलेनाथ (33) को उनके ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय रवाना कर दिया।

# आचरण में निहित होते हैं संस्कार

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** चरहुआं के कंपोजिट विद्यालय पूरे रामभरोसे में महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन के शिविर की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वीना सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वीना राय, झंझरी मंडल की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मनीषा मिश्रा व कार्यक्रमाधिकारी डॉ सीमा तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर की। डॉ. सीमा तिवारी ने बताया कि उक्त शिविर के चौथे दिन सोमवार को नारी सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।



एनएसएस शिविर में दौड़ लगाते विद्यार्थी। अमृत विचार

प्राचार्या डॉ वीना सिंह ने बताया कि स्वतंत्र बनिये स्वच्छंद नहीं। उन्होंने कहा कि आपके आचरण में ही आपके संस्कार निहित होते हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वीना राय ने नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर भारतीय सेना, प्रशासनिक सेवा, खेल जगत सहित हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी शुक्ला ने नारी सशक्तिकरण पर गीत प्रस्तुत किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कौशिकी तिवारी ने द्रौपदी जब सुयोधन की प्रण बन गयी, कृष्ण की वह दुलारी बहन बन गयी। शिवम मिश्रा ने अमवसा का मेला कविता पढ़ी। मंच का संचालन सानिया सिंह ने किया।


**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय भेन्दुआ बहरेला, वि०ख० बनीकोडर, बाराबंकी**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय मेन्दुआ बहरेला विकास खण्ड बनीकोडर के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 11 मार्च 2024 को की जायेगी जिसमें इच्छुक व्यक्ति विद्यालय में उपस्थित होकर अपना नामांकन करा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव के पास अपने आधार की छाया प्रति एंव नीलामी प्रकिया में विभाग द्वारा निर्धारित अग्रिम धनराशि दिनांक 11 मार्च 2024 तक पूर्वान्ह 11 बजे तक जमा कर सकते है।
नीलामी प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
**दिनांक :** 27.02.2024

अध्यक्ष / सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्राथमिक विद्यालय, भेन्दुआ बहरेल
बनीकोडर, बाराबंकी


## आक्रोश

धानेपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो के मतदाताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

# विकास न होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की दी धमकी

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही ग्रामीणों ने भी विकास को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। सोमवार को धानेपुर नगर पंचायत के महाराजा देवी बक्स सिंह वार्ड को मतदाताओं ने विकास की अनदेखी को लेकर धरना प्रदर्शन किया और विकास नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। मतदाताओं ने कहा कि गांव की बदहाली दूर नहीं हुई तो चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा। धानेपुर नगर पंचायत को वार्ड संख्या दो के मतदाता महेश कुमार ने बताया कि आजादी से




गांव की बदहाली को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

अब तक मुजेहनी गांव को एक अदद पक्की सड़क मुहैया नही हो पाई है। गांव को नगर पंचायत में शामिल किये जाने के बाद उम्मीद जगी थी कि गांव तक विकास पहुंचेगा लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी यहां कोई बदलाव नही हुआ। आलम यह है कि अगर गांव में किसी परिवार में लड़की का विवाह हो तो बारातियों का वाहन पहुंचना मुश्किल हो जाता है। सड़क बनवाने के विषय में यहां के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गांव में नाली खड़ंजा भी नहीं है। बरसात के दिनों में गांव का आवागमन पूरी तरह नारकीय हो जाता है। सरकार की महत्वाकांक्षी निर्मल परियोजना के तहत स्वच्छ पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था नही पहुंच सकी है।

ग्रामीणों का कहना है की चुनाव आते ही नेता गांव में पहुंचते है और तमाम वादे करके वोट लेकर चले जाते हैं लेकिन चुनाव खत्म होते ही सब भूल जाते है। यही नहीं, लोगों का कहना है कि सरकारी कागजों में मुजेहनी गांव का नाम ही गायब है इसलिए यहां तक विकास नहीं पहुंचा।

इस बार ग्रामीणों ने पहले काम फिर मतदान का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गांव में विकास कार्य नहीं कराया जाता तो वह सभी सामूहिक रूप से मतदान का बहिष्कार करेंगे।

इस धरना प्रदर्शन में वीरेंद्र मिश्रा, अलखराम, संजय, रोहित, राकेश कुमार, सुरेन्द्र, ननकने जितेंद्र, हंसराज, बंसराज, बड़का, लीलावती, ननका, सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

### सड़क निर्माण की मांग

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत नौव्वागांव के गोमती पुरवा से आर्य नगर पृथ्वी नाथ मार्ग तक जाने वाली सड़क का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान राकेश वर्मा नान बच्चा ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की गई है।


न्यायालय श्रीमान अपर - न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय प्रथम बाराबंकी

**रामकुमार बनाम राधा**

अन्तरगत्रि धारा - : 13 HMACT
वाद सं० - 17.2023
अन्तरगति थाना - कोठी
तारिख पेशीः 20-03-2024

विपक्षी का नाम व पता
नाम - राधा पुत्री विश्वनाथ
नि० ग्राम - दतली
पो० - कसमण्डीकला
थाना - मलिहाबाद - जि० - लखनऊ

राधा को आदेशित किया जाता कि उपरोत वाद में दिनांक 20-03-2024 को प्रातः 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित हो।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं अजीजुल हक पुत्र समीउल्लाह सिद्दीकी मेरे फ्लैट नं. 105 प्रथम तल परिसर सं. 14/138, 14/143, 14/144, 14/144ए. व 14/144 बी, चक नं. 14 चुन्नीगंज कानपुर का निष्पादन दिनांक 29/06/2010 को बहीं सं. 1 जिल्द सं. 5172 पृष्ठ सं. 399 से 436 पर क्रमांक 2143 आत्माराम खत्री द्वारा क्रय किया गया है जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है जिसका उपयोग अवैधानिक माना जायेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं SANJAY LOHIA पुत्र RAJENDRA KUMAR LOHIA **निवासी- 1061, बाधमण्डी खैराबाद सुलतानपुर।** कुछ अभिलेखों में मेरा नाम SANJAY LOHIYA है। जिस SANJAY LOHIA के नाम से जाना और समझा जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम KHURSHID BANO JEELANI से बदलकर KHURSHID AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। KHURSHID AHMAD D/O MISQEEN ALI, 55,ELDECO GREENS, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, 226010, U.P.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राम सुंदर भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या 213963223 के नामित रूप में रामावती अंकित हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेख में मेरा नाम मायावती है। मैं मायावती व रामावती दोनों ही नाम से जानी जाती हूं। अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। **- मायावती रामावती पत्नी स्व0 राम सुंदर, निवासी- ग्राम- सेमरहवा, पोस्ट - राजापुर परसौरा, जिला- गोंडा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0 T0275197 में मेरा नाम TAUQIR S/O TAUFAIK दर्ज है जो कि गलत है, मेरे प्रमाणपत्र आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम TOQEER ALAM S/O TAUFEEK KHAN दर्ज है जोकि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। **-तौकीर आलम पुत्र तौफीक खान नि0- ग्रा0 दक्खिन गांव धनेशा राजपूत तहसील मुसाफ़िर खाना जिला अमेठी।**

# डायट में गूंजे मंगलगीत, जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंधे 277 जोड़े

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर। वैसे तो यहां पर शिक्षकों की नई पौध तैयार होती है, लेकिन सोमवार को नजारा कुछ और ही देखने को मिला। परिसर में सजे भव्य पंडाल में मंगलगीत दिनभर गूंजता रहा। वहीं मंत्रोंच्चारण के बीच जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंधते हुए 277 जोड़ों ने सात फेरे लिए। मौका मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का। शासन की प्रमुख योजना होने के नाते अफसर पूरी तरह से चौकन्ना रहे। इस दौरान बरातियों का भव्य स्वागत किया। वहीं खाने के प्रबंध का भी विशेष ख्याल रखा।


मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल जोड़े। अमृत विचार

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए 342 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था। इसमें सात मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित समारोह में अंतिम समय तक 277 जोड़े ही शामिल हो सकें। अगवानी से लेकर हर रश्म को बखूबी से संपन्न कराया गया। सभी जोड़ों को अलग-अलग बैठाकर विवाह कराया गया। मुस्लिम जोड़ों को मौलाना ने निकाह कबूल कराया। इस दौरान कन्या के खाते में 35 हजार रुपये भेजे गए। वहीं 10 हजार का गया।

### ब्लॉक और नगर पंचायतों की रही सहभागिता

समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने बताया कि 342 जोड़ों में से 277 शामिल हुए थे। जल्द ही दोबारा आयोजन कराकर अन्य जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इसमें अमावां से 16, हरचंदपुर से 26, सतांव से नौ, राही से 21, नगर पालिका से तीन, बछरावां से 27, नगर पंचायत बछरावां से चार, महाराजगंज से 11, शिवगढ़ से 20, नगर पंचायत शिवगढ़ से तीन, खीरों से छह, लालगंज से दो, नगर पंचायत लालगंज से एक, सरेनी से सात, डलमऊ से 15, दीनशाह गौरा से आठ, जगतपुर से दो, रोहनिया से चार, ऊंचाहार से आठ, छतोह से 22, डीह से 42, सलोन से 10, नगर पंचायत सलोन से तीन, नगर पंचायत नसीराबाद से तीन, नगर पंचायत परशदेपुर से चार शामिल रहे।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सजी रंगोली। अमृत विचार

# अलग-अलग हादसों में विद्यालय के पीआरओ और छात्र की मौत

- लालगंज कोतवाली क्षेत्र की घटना, प्री बोर्ड परीक्षा देने जा रहा था छात्र
- न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के पीआरओ की मौत से शोक की लहर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के पीआरओ और एक विद्यालय के छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गए। डीह थाना क्षेत्र के परशदेपुर करई नाला के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक शिक्षक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के दलायपट्टी निवासी छवि श्यामदास मिश्रा शहर के एनएसपीएस स्कूल में जनसम्पर्क अधिकारी थे।

रविवार रात वह अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान करई नाला के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया है। जहां चिकित्सकों उन्हें मृत घोषित कर दिया है। वही मृतक के बेटे संतोष कुमार ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। दूसरी घटना लालगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई। कोतवाली क्षेत्र के अलीनगर कस्बा निवासी मोहम्मद शकील का पुत्र मोहम्मद समीर बैसवारा इंटर कालेज में कक्षा 11 का कृषि विषय का छात्र था। वह सोमवार की सुबह कक्षा 11 प्री बोर्ड परीक्षा देने अम्बारा पश्चिम इंटर कॉलेज जा रहा था। तभी हाईवे बाईपास कोरिहरा के सामने एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।


मो. समीर की फाइल फोटो


छवि श्याम दास मिश्र की फाइल फोटो

टक्कर से बाइक सवार छात्र उछलकर दूर जा गिरा। स्थानीय लोगों ने दौड़कर उसे उठाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही मृतक छात्र मोहम्मद समीर के पिता मोहम्मद शकील, माता शलीमुन्निशा, भाई अख्तर मौके पर पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिवारीजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छात्र की मौत से बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह सहित समस्त शिक्षकों ने शोक जताया है।

### शिक्षकों ने जताया शोक

न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। संस्थान के प्रबन्धक डॉ शशिकान्त शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा मिश्रा जी एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। हम उसके साथ बिताये पलों व उसकी बातों को याद कर दुखी होते हैं। भावनाओं को न केवल आंसूओं के माध्यम से बल्कि शब्दों के माध्यम से भी व्यक्त करने की आवश्यकता होती है, जो आपके जीवन के किसी मोड़ पर आपसे हमेशा के लिए अलग हो गये हैं। पूरा संस्थान इस बेहद दुख की घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना करता है। पूरा विद्यालय परिवार उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

### बाइक फिसलने से दो लोग घायल

**सलोन, रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस वे में साथी मजदूर को खाना देकर बाइक से लौट रहे बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर घायल युवक के रिश्तेदारों ने दोनो को सीएचसी में भर्ती कराया है। एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घायल युवक बिहार राज्य के रहने वाले हैं। क्षेत्र के मानिकपुर और ऊंचाहार मार्ग पर गंगा एक्सप्रेस -वे का निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार की देर रात गंगा एक्सप्रेस -वे में कार्यरत श्रमिक पिंटू पुत्र भुने सहमति और सुजीत पुत्र जीतू महतो निवासी पूरे माधवन रूनीपुर सैदपुर सीतामढ़ी बिहार अपने हेल्फर साथी के लिए बाइक से खाना लेकर जा रहा था। बरसात होने के चलते बाइक का पहिया स्लिप कर गया। जिसके बाद दोनों बाइक सवार दोनो युवक एक पेड़ से टकरा कर घायल हो गए। श्रमिकों के परिजनों ने घायलों को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। यहा पिंटू नामक श्रमिक की हालत नाजुक होने पर उसे डॉक्टर ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. भावेश ने बताया की घायलों को अस्पताल उनके परिजन लेकर आए थे।

# ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों में उबाल, बीइओ को सौंपा ज्ञापन

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** टैबलेट द्वारा छात्रों की उपस्थिति और एमडीएम की सूचना भेजने को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों में खासा आक्रोश है। सोमवार को शिक्षकों ने ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा है और समस्याओं के निराकरण की मांग की है। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में टैबलेट देकर छात्रों की उपस्थिति और एमडीएम की सूचना ऑनलाइन भेजने के निर्देश दिए गए है।

शिक्षकों का कहना है कि टैबलेट में सिम कार्ड नहीं दिया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को निजी आईडी से सिमकार्ड खरीदने के लिए दबाव डाला जा रहा है, जो नियम के विपरीत है। साथ ही इस कार्य के लिए शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में शासन स्तर पर वार्ता हुई थी, किंतु अभी तक इसका समाधान नहीं निकाला गया है।

सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्र होकर सभी शिक्षकों ने एक ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता, महामंत्री राकेश कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष राम नरेश, तहसील प्रभारी दिनेश सिंह, अध्यक्ष संघर्ष समिति शैलेंद्र पांडेय समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री गिरीश पांडे ने किया लाभार्थियों से सम्पर्क

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने लालगंज नगर के पान दरीबा वार्ड में लाभार्थियों के घर-घर जाकर जहां स्टीकर चिपकाए वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र सौंप कर पार्टी का भी प्रचार प्रसार किया। पूर्व मंत्री ने लाभार्थियों से कहा कि आगे भी जनता को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाएं चालू रहे, इसलिए प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को फिर से जिताना है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार ने भय, भूख, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को समाप्त करने के साथ ही देश को शक्तिशाली बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का निर्माण करा कर सनातन धर्म को मजबूती करने का काम भी किया है।

# जिला प्रभारी ने युवा चौपाल में लिया हिस्सा


जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुराई बाग कस्बे में फूल माला पहनकर स्वागत किया। भाजपा जिला प्रभारी लालगंज में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लेने के बाद डलमऊ ब्लॉक के कठगर ग्राम सभा में आयोजित नमो युवा चौपाल युवाओं को संबोधित करने के लिए जा रहे थे। नेहरू इंटर कॉलेज कठगर में आयोजित नमो युवा चौपाल को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी में कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आवाहन किया।

### तमंचा के साथ दबोचा

**महराजगंज, रायबरेली।** वाहन चेकिंग के दौरान थुलवांसा चौकी प्रभारी ने सोमवार की सुबह एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सोमवार की सुबह थुलवांसा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी चौकी क्षेत्र के लोदीपुर नैया नाला के पास वाहन चेकिंग के दौरान अधार का पुरवा, थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी निवासी देशराज पुत्र श्री राम के पास अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया।

## सार-संक्षेप

### साइबर ठगों से पुलिस ने दो लाख से अधिक कराए वापस

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर खाते से पैसे निकालने की घटना में पीड़ितों ने एसपी से मामले की शिकायत की थी। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर थाना पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में गंभीरता लेटे हुए साइबर थाना पुलिस ने सम्बन्धित बैंकों से सम्पर्क कर नसीराबाद थाना क्षेत्र के मुर्सलीन के 41098, मिल एरिया थाना क्षेत्र के सुनील वर्मा के 5000, शहर की शिक्षा सिंह के 20 हजार, राहुल गौड़ डीह के 14740, पंकज भदोखर के एक लाख उनसठ हजार, एक सौ चौसठ रुपए साइबर थाना प्रभारी व उनकी टीम ने पीड़ितों के खाते में वापस कराए गये। सोमवार को साइबर थाना पर पीड़ितों को संबंधित कागज भी दिए गए।

### श्रद्धालुओं ने भंडारे का छका प्रसाद

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के कुम्हरावां स्थित मां महागौरी शक्तिपीठ मन्दिर कुम्हरावां में ग्रामीणों के सहयोग से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में अपनी टीम के साथ पहुंचे समाजसेवी राज दीक्षित हरियाणा वाले ने माता रानी के मन्दिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। सुबह से देर शाम तक चले भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। राज दीक्षित ने माता रानी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि मां महागौरी शक्तिपीठ कुम्हरावां के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के विषय में जितना सुना था, यहां आकर उससे कही ज्यादा पाया। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा, संकट मौर्या, जितेंद्र दुबे, अंजनी अग्निहोत्री, अमित मिश्रा, दीपक अवस्थी, लवकुश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाली के विवाद में मां-बेटी को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** दरवाजे से बनी नाली की सफाई करते वक्त पड़ोसियों ने महिला व उसकी बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। पूरे पर्वत गांव निवासी विमला देवी का कहना है कि ग्राम सभा द्वारा दरवाजे से बनाई गई नाली साफ-सफाई के अभाव कचरे से पट गई थी। जिसकी वजह से दरवाजे पर जल भराव बना हुआ था। सोमवार की सुबह महिला ने फावड़ा लेकर नाली की सफाई करनी शुरू कर दी। दरवाजे पर मिट्टी लेकर पड़ोसियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया गया।

# ऑपरेशन के लिए 57 मरीज चिन्हित

नेत्र शिविर

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय ऊंचाहार रोड पर नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में मरीजों ने अपना इलाज कराया। ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि नेत्र ज्योति से बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं होता है। यह काम जगतपुर में लगातार 11 वर्षों से हो रहा है, बहुत ही सराहनीय बात है।

निश्चित रूप से यह सेवा का सबसे बड़ा काम है, इस काम के जरिए हम समाज के आखिरी इंसान तक आंखों को रोशनी पहुंचने का काम कर रहे हैं। यह अच्छा काम है। शिविर के संयोजक जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि जिन लोगों के जीवन में अंधकार है। इस शिविर के जरिए उन लोगों के आंखों से प्रकाश की किरणें मिले वो दुनिया को खुद की आंख से देखे इसी प्रयास के तहत विगत 11 सालों से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। अब तक हजारों लोगों ने लाभ उठाया है।

शिविर में लगभग 130 लोगों की ओपीडी की गई जिसमें आपरेशन के लिए 57 मरीज चिन्हित किए गए। जिन्हें लखनऊ के इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किया जाएगा। 87 मरीजों को चश्मा बांटे गए दांत के नेत्र रोगियो का इलाज डॉक्टर एसपी मेहता ने किया। इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर उमाशंकर मिश्रा, राजकुमार पाल, देवनाथ यादव, कन्हैया लाल यादव, छत्रपाल यादव, के के सिंह, सौरभ त्रिवेदी, लल्लन मिश्रा, जगदीश कुरील, पुष्पेंद्र सिंह, अभय शुक्ला, सुभाष यादव, त्रिलोकी सिंह, बाबेंद्र तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी में मना 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति समर्पित रहते हुए कार्यविधियों का यथाशक्ति अनुपालन तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणादायी अभिवृत्तियों की तरफ उन्मुख होकर सम्पूर्ण सुरक्षा के साथ हमें अपने दैनिक कार्य को संपादित करना है।
इस संकल्प को केन्द्र में रखकर एनटीपीसी में मुख्य महाप्रबंधक मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थित जनसमूहों को सुरक्षा शपथ दिलाई और अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्घटनाएं और व्यावसायिक बीमारियां राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल बनाती हैं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी में बहुत ही उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य नीति है। एनटीपीसी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह बहुत ही आकर्षक रूप में मनाया गया।
सबसे पहले परियोजना परिसर में प्रभात फेरी निकाली गई। सुरक्षा जागरूकता को विस्तार देने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा विभाग द्वारा एक सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर, निबंध-नारा लेखन व प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया था।

आयोजन — राइजिंग चाइल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल, राज्यमंत्री ने किया पुरस्कृत

# मां मुझे अपने आंचल में छुपा ले...

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राइजिंग चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। स्वच्छ भारत, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण, नई शिक्षा नीति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूक करते हुए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले वार्षिकोत्सव का उद्घाटन ज़िलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ज़िलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बच्चों में बहुमुखी विकास के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रयासों की सराहना भी किया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार प्रदान किए। "माँ मुझे अपने आँचल में छुपा ले", "आओ चलें स्कूल", "हम छोटे छोटे बच्चे हैं", आदि गीतों पर समूह नृत्य कर बच्चों ने खूब तालियाँ बटोरीं। आद्विका, तिश्या, मरियम, शाश्वत, वाघमी, आराध्या, शिवांग, आश्विका, आरवी, रुद्र, अन्वी, पार्थ, उर्विजा, आद्या, तनीषी आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने अतिथियों का स्वागत किया।


राइजिंग चाइल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### इनको किया गया सम्मानित

इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय सेवाएं और योगदान देने वाले विवेक सिंह, बबिता दीक्षित, जितेन्द्र भारतीय, रवि सिंह, अभिषेक वर्मा, नेहा चावला सहित 11 प्रतिभाओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी विद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्मृति बाजपेई, ऐना वर्मा, रुचि भटनागर, समीरा, ओजस श्रीवास्तव, रित्विक गुप्ता, प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि, अमित, अशफ़िया, आकृति, शालिनी, सुष्मिता, नेहा, ज़ेबा, मोनिका, पूर्णिमा, श्रुति, अदिति, मन्तशा, रमशा, अंजलि, कृतिका, प्रिया, शिवली, रत्नेश, ज़ीनिया, ज्योति, श्वेता, शिखा, प्रेमलता, प्रियंका, निहारिका, ऐनी, आरती, शिवली, शिफ़ा, नम्रता, वन्दना, स्नेहलता, रीना, तौफ़ीक़ का सहयोग रहा।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# आंधी और बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर, गेहूं की फसल चौपट

शिवगढ़, रायबरेली

- खेतों में गेहूं के पौधे गिरने से भारी नुकसान, शासन से मुआवजा की मांग

**अमृत विचार।** प्रकृति के कहर से अन्नदाता परेशान हैं। बेमौसम बारिश किसानों पर आसमानी आफत बनकर बरसी है। मौसम के मिजाज से कृषकों की उम्मीद टूट चुकी है। आंखों में बेबसी के आंसू और सिर पर कर्ज का बोझ है। ऐसे में अब उन्हें शासन से ही उम्मीद है कि कुछ मुआवजा मिल जाए।

गौरतलब हो कि शनिवार को हुई तेज बारिश, ओलावृष्टि एवं तेज हवा के झोंकों ने जमकर तबाही मचाई। बारिश, ओलावृष्टि एवं हवा के झोंके से अधिकांश किसानों की गेहूं, सरसों की फसल गिरकर चौपट हो गई है, जिससे किसान चिंतित हैं।

किसानों को उम्मीद थी कि यदि गेहूं, सरसों की पैदावार अच्छी हो गई तो कुछ हद तक कर्ज की अदायगी होने के साथ ही परिवार की जीविका चल जाएगी। लेकिन शनिवार को अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ने से कृषकों की सारी उम्मीदें टूट चुकी है। आसमानी आफत से आम, गेहूं, सरसों, चना,मटर, मसूर, धनिया, जौ की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत, मायाराम रावत, शेषपाल सिंह, भानु प्रकाश पटेल सहित कृषकों का कहना है कि मौसम बेईमान है, किसान परेशान है। अन्नदाता पर आफत है ऐसे में तो किसानों को सरकार पर ही आश है।

# 1286.93 लाख से संवरेंगे गांव, प्रस्ताव पर सहमति

सरेनी, रायबरेली

- क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास पर चर्चा, बिजली विभाग के अधिकारी रहे नदारद

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत समिति सरेनी की बैठक ब्लॉक मुख्यालय सभागार में संपन्न हुई। अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख विभा सिंह ने की। बैठक में 1286.93 लाख रुपए के मनरेगा बजट से गांवों में विकास कार्य के प्रस्ताव मांगे गए। खंड विकास अधिकारी शिवबहादुर सिंह ने कहा कि सरेनी क्षेत्र विद्वानों का क्षेत्र है। यह क्षेत्र आजादी पूर्व से ही शिक्षा के क्षेत्र में आगे रहा है। 81 ग्राम पंचायतों में परिषदीय विद्यालयों की संख्या ही 178 है।

उन्होंने सभी सदस्यों से विद्यालय की बाउंड्री बनवाने व अन्य आवश्यक कार्य हेतु प्रस्ताव मांगे ताकि कोई भी विद्यालय बाउंड्री विहीन न रहने पाए। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि अगर किसी गांव में ढाई बीघे जमीन ग्राम समाज की हो तो प्रस्ताव करके अस्थाई गौशालाएं बनवाई जा सकती है। उन्होंने कुछ चिन्हित गांवों में मछुआरा समुदाय के लिए आवास बनवाए जाने की बात भी कही। सदस्यों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की खिंचाई करते हुए कहा कि बड़े बकायेदारों के कनेक्शन लाइनमैन की मिली भगत से बिना मीटर चलवाए जा रहे हैं जबकि गरीब परिवारों के कनेक्शन मनमाने तरीके से काटकर उनसे अवैध उगाही की जाती है लेकिन बैठक में बिजली विभाग से कोई नहीं आया था। लखनापुर की प्रधान सरोज देवी ने बारिश से फसलों को हुई क्षति की भरपाई हेतु कदम उठाए जाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह, डा. अनिल सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू सिंह, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह, सुशील सिंह, बसंत सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अमिता सिंह, सचिव संतोष यादव, पंकज, बच्चा सिंह, पप्पू सिंह, अमित, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र पंचायत समिति सरेनी की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

# श्रीराम पथ के नाम से रायबरेली अयोध्या हाईवे की होगी पहचान

- नपा परिषद बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा
- सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हैंडओवर को हरी झंडी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अयोध्या रामलला दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओं को अब श्रीराम पथ से होकर गुजरना पड़ेगा। जी हां, नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में रायबरेली-अयोध्या हाईवे को इसी नाम से नामकरण कर दिया गया है। इस पर सभी ने सहमति जताई है। इसके साथ ही श्रीराम पथ के सुंदरीकरण के साथ ही कई अन्य कार्य भी कराए जाएंगे, जिससे रामनगरी की ओर जाने का अहसास भी लोगों को हो सकेगा।

लोकसभा चुना आचार संहिता को देखते हुए नगर पालिका परिषद सभागार में सोमवार को बोर्ड बैठक हुई। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की मौजूदगी में विकास कार्यों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव के दौरान विकास कार्य बाधित ना हो इसी के मद्देनजर बोर्ड बैठक आयोजित की गई। ईओ स्वर्ण सिंह ने बताया कि 10 लाख के कार्यों किसी तरह की दिक्कत ना हो इसके लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए सात से 14 दिन के बीच की रखी गई है। इससे सड़क, नाली, खड़ंजा, इंटरलाकिंग आदि कार्य प्रभावित नहीं होंगे।

बोर्ड बैठक में जैतूपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जल निगम से हैंडओवर करने पर भी सहमति बन गई है। ईओ ने कहा कि जल्द ही इसे हैंडओवर कर लिया जाएगा। इससे नागरिकों को सीवर की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। इस पर सभी ने सहमति जताई। वहीं नगर पालिका की दुकानों का किराया बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। इसके तहत बड़ी दुकानों का किराया प्रति माह पांच हजार और छोटी दुकानों का तीन हजार करने का निर्णय लिया गया है। नागरिकों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर सभासद परमजीत गांधी, पंकज साहू, रामखेलावन बारी, संजय श्रीवास्तव, सतीश मिश्रा, धर्मेश द्विवेदी, रोहित आदि मौजूद रहे।



नपाप बोर्ड बैठक में मौजूद अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, ईओ स्वर्ण सिंह व सभासद।

# जमीन पाने के लिए दो माह से धरने पर गरीब का परिवार

ऊंचाहार, रायबरेली

- अब पैदल राज्यपाल के पास जायेगा पीड़ित, धर्म परिवर्तन की दी धमकी

**अमृत विचार।** अपनी पुस्तैनी भूमि धरी जमीन पर अपना हक पाने के लिए एक गरीब परिवार दो माह से जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठा है। सरकारी जिम्मेदारों की बेरुखी से हताश होकर इसने अब पैदल लखनऊ जाकर राज्यपाल से मिलने की योजना बनाई है। यही नहीं उसने निराश होकर धर्म परिवर्तन की धमकी भी दी है।

मामला ऊंचाहार एनटीपीसी रोड के किनारे एक भूखंड का है। नगर के खरौवा कुआं निवासी इंद्रेश कुमार का आरोप है कि उसके साथ छल करके उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। उसके पिता राम प्यारे चौरसिया ने पांच साल पहले अपनी जमीन से ढाई विश्वा जमीन हरिकिशन मौर्य को बिक्री की थी। किंतु भूमि क्रेता ने उसकी शेष जमीन पर भी कब्जा कर लिया है। मौके पर उसकी करीब सात विश्वा जमीन शेष है, लेकिन उसे मात्र करीब ढाई विश्वा जमीन ही मिल पाई है। इस बारे में वह लगातार अधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रहा है।

इसके बाद से गरीब अपनी जमीन के लिए परेशान है। पीड़ित परिवार का कहना है कि तहसील के जिम्मेदार अधिकारी भूमाफियाओं से मिलकर उसकी जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं। अधिकारियों की मनमानी से आजिज़ आकर वह11 मार्च को कलेक्ट्रेट से पैदल राज्यपाल से मिलने के लिए लखनऊ जायेगा। वह राजभवन में हिंदू धर्म का त्यागकर दूसरा धर्म अपनाएगा, क्योंकि हिंदू धर्म की सरकार में उसके साथ अन्याय हुआ है और उसे अपमानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### स्मृति को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

**नसीराबाद, रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी को अमेठी संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर छतोह ब्लॉक में हर्ष की लहर है। मुख्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों ने खुशी जताई। साथ ही मिठाई वितरित किया। प्रधान संघ के अध्यक्ष बृजपाल सिंह पासवान ने कहा कि इस बार सारे कार्यकर्ता हम लोग मिलकर कम से कम तीन लाख से दीदी जी को विजई बनाएंगे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने कहा की सरकार में सरकार में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। दीदी जी हमेशा जनता के बीच में रह कर उनका दुख दर्द सुनती है और समस्याओं का निराकरण करती है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि देवेश प्रताप सिंह, सोहराब खां, रमाकांत तिवारी, अमरनाथ सरोज, भूपेंद्र सिंह, अभय तिवारी, पंकज सिंह, मोहम्मद शब्बीर खान आदि मौजूद रहे।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भक्तों ने डाली आहुति

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर स्थित फुटबॉल ग्राउंड मे सोमवार से 24 कुंडीय महायज्ञ का प्रारंभ हुआ, जिसमें कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सपत्नी पूजन और हवन में सहभागिता की और यज्ञ में आहुति दी। मुख्य यजमान के तौर पर सचिव महाप्रबंधक आरएन तिवारी परिवार सहित सम्मिलित हुए। पूर्व संध्या काल में धार्मिक आयोजन स्थल पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रवचक ने प्रज्ञा पुराण का प्रवचन दिया। इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने के लिए शक्ति पीठ रायबरेली एवं लालगंज के सेवकों और सामूहिक पूजा समिति के पदाधिकारी नैब सिंह, आदर्श सिंह बघेल, रोहित मिश्र, मनोज कुमार, ओम प्रकाश मौर्य, जितेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश, कुणाल कुमार आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 55 युवाओं को मिली नौकरी

**सतांव, रायबरेली।** मंगलवार को मलिकमऊ चौबारा स्थित सतांव ब्लॉक कार्यालय परिसर में पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्र्तगत कौशल विकास निगम, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस में विभिन्न कम्पनियों मदरसन सूमी प्राइवेट लिमिटेड, लेन्सकार्ट व पुखराज हेल्थ केयर आदि ने रोजगार के 118 बेरोजगारों का साक्षात्कार लिया। इसमें से 55 लोगों को मौके पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मेले में खंड विकास अधिकारी संजय कुमार कनौजिया, जिला कौशल प्रबन्धक धर्मेन्द्र मिश्रा व जिला कार्यक्रम प्रबन्धक दिनेश पाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



रोजगार मेले में मौजूद लोग।

### पंचायत प्रतिनिधियों के साथ उद्यान मंत्री ने की बैठक

**रायबरेली।** जिला पंचायत सभागार में सोमवार को विकास खंड राही एवं अमावां और द्वितीय पाली में जगतपुर, दीनशाह गौरा और डलमऊ के पंचायत प्रतिनिधियो का सम्मेलन हुआ। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि एमएलसी, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार से प्राप्त निधि से जनपदवासियों के विकास कार्यों को किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुने और उसके निस्तारण में हर संभव प्रयास करें। जनता की समस्याओं का निस्तारण करना ही हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने ने कहा कि अधिक से अधिक लोगो को सरकारी कार्यों और योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा इस तरह के पंचायत सम्मेलनो आयोजन का आगे भी अन्य विकास खंडों के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सुलभ तिथियों में आयोजित किया जाएगा।

### एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में की क्राइम मीटिंग



बैठक लेते एसपी। अमृत विचार

**रायबरेली, संवाददाता।** एसपी ने अभिषेक अग्रवाल ने सोमवार को जिले के सभी थानेदार, सीओ ओर शाखाओं में तैनात प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में थाना क्षेत्र के हिसाब से अपराध की जानकारी हासिल की। एसपी ने कहा वांछितों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई करें। पीड़ितों की थाने पर सुनवाई नहीं हुई तो कार्यवाही होगी। मीटिंग के दौरान थानेदारों को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में लोगों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट चोरी लूट, नकबजनी की घटनाओं को रोकने का सख्त निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए है। लोकसभा चुनाव से पहले अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही हो। एसपी ने जनपद के सभी थानेदारों और सर्किल के सीओ के साथ ही शाखाओं में तैनात प्रभारियों के साथ सोमवार रात क्राइम मीटिंग की है। मीटिंग के दौरान उन्होंने सभी थानेदारों को जरूरी निर्देश दिए।

### यूविन पोर्टल को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**रायबरेली, संवाददाता।** कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किये गये कोविन पोर्टल की तर्ज पर यूविन पोर्टल में बदलाव किए गए हैं। यूविन पोर्टल के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण संबंधित सारी जानकारी मिल सकेगी। इस संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को स्थानीय होटल में शुरू किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस पोर्टल को शुरू करने का उद्देश्य शत प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थी के अनुसार सूचना एवं देय टीकों की रियल टाइम स्थिति प्राप्त करनी है। यह पोर्टल कोविन पोर्टल की तरह काम करेगा। इस पोर्टल के शुरू होने से लाभार्थी को यह सुविधा होगी कि वह घर बैठे ही टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर सकता है। जिस तरह से कोविड वैक्सीन के लिए करते थे। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण के बाद लाभार्थी को टीकाकरण लगने का प्रमाणपत्र मिलता था, उसी तरह यूविन पोर्टल द्वारा भी टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र मिलेगा।

### पुलिस ने वांछित को भेजा जेल

**रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने काफी दिनों से चल रहे वांछित को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शहर कोतवाली में दर्ज एक पुराने मामले में वांछित खाली सहाट निवासी एहतेशाम पुत्र जाहिद कल अवैध शस्त्र के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# महाशिवरात्रि की तैयारी तेज 40 फीट का होगा दरबार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** श्री जगमोहनेश्वर मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर 40 फीट ऊंचाहार बाबा का दरबार बनेगा। यह जानकारी बाबा जगमोहनेश्वर महादेव परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजा हर्षेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज राजा जगमोहन सिंह द्वारा 115 वर्ष पूर्व जगमोहनेश्वर महादेव के प्राण प्रतिष्ठा वाराणसी के विद्वान आचार्य द्वारा कराई गई थी।

कार्यक्रम व्यवस्था प्रभारी प्रज्ञा रतन मिश्रा ने बताया कि शिवरात्रि पर सुबह चार बजे से जलाभिषेक आरंभ हो जाएगा। इस वर्ष बाबा के दर्शन हेतु 40 फीट ऊंचा दरबार बनाया जाएगा। इसके लिए पश्चिम बंगाल से आए हुए कलाकारों द्वारा काम चालू भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिव बारात का स्वागत राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा। बारात में दिल्ली, बुलंदशहर, प्रतापगढ़ और रायबरेली के प्रसिद्ध डीजे बैंड बाजा रहेंगे।

इस मौके पर दो गरीब कन्याओं का भी विवाह कराया जाएगा, जिसमें वर पक्ष की ओर से राज परिवार के छोटे राजा और छोटी रानी ममता सिंह, जबकि कन्या पक्ष की ओर से सिमहैंस हॉस्पिटल के डॉक्टर मनीष सिंह चौहान, उनकी पत्नी और डा. बृजेश सिंह सपरिवार रहेंगे। मंटू शुक्ला ने बताया कि बाबा की विशाल बारात उसके बाद नगर भोज जागरण आदि का कार्यक्रम किया जाएगा।

## एलईडी वैन को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदान जागरूकता के लिए मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जनपद में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना है। यह वैन सभी विधानसभा क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रमो के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि इस बार मतदान प्रतिशत और बढे। उन्होंने ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी तैयारियां अभी से की जा रही है। जिससे कि पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान हो सके। वही सलोन क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र पकसरावा एवं जूनियर हाई स्कूल केवली महिमा तथा सर्वोदय इन्टर कालेज प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बढ़ चढ़कर ग्रामीणों द्वारा भाग लिया गया।

# पालिका कार्यालय में दबंगों ने लहराया तमंचा, मची भगदड़

- गवाह पर अदालत में पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुपर मार्केट स्थित नगरपालिका कार्यालय में उस समय भगदड़ मच गई, जब एक मुकदमे के वादी को विपक्षियों ने घेर लिया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक उस पर असलहा तानते हुए मुकदमे में पैरवी न करने की बात कही और गालियाँ देते हुए उसे उसके भाई जैसा अंजाम देने की बात कहकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। तेजी दिखाते हुए कुछ लोगों को दबोच लिया। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

सोमवार को स्वामी सिंह का पुरवा लालूपुर चौहान निवासी नीरज सिंह अधिवक्ता पुत्र राकेश सिंह किसी काम से नगर पालिका कार्यालय आए हुए थे। इसी दौरान कुछ लोग पहुंच गए और उनको घेर लिया। आरोप है कि उन्हीं में से एक ने असलहा निकाल लिया। इससे पालिका दफ्तर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद सभी धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित नीरज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ समय पहले शादी समारोह में शामिल होने गए उनके भाई पंकज सिंह की कोतवाली थाना क्षेत्र के मनिका रोड पर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने नामित आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया था। बेल पर रिहा हुए आरोपियों द्वारा सोमवार को पालिका कार्यालय में घेरकर असलहा लगाकर मुकदमे में पैरवी न करने की हिदायत दी। वही नीरज ने कोतवाली पुलिस को पांच नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### कहीं टेंडर को लेकर विवाद तो नहीं

नगर पालिका में इन दिनों टेंडर को लेकर काफी विवाद चल रहा है। चुनाव आचार संहिता से पहले टेंडर की प्रक्रिया पूरी होनी है। चर्चा है कि टेंडर को लेकर भी काफी दबाव पड़ रहा है।

# वार्षिकोत्सव और उन्मुखीकरण के बहाने बजट में खेल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का सर्वांगीण विकास हो, कुछ इसी मंशा से प्रदेश सरकार की ओर से भरपूर बजट भेजा जा रहा है। बच्चों के साथ शिक्षकों के प्रशिक्षण और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करने के लिए अलग-अलग आयोजन कराए जा रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अब इस बजट को खपाने को लेकर नए-नए उपाय करने में लगे हैं।

सोमवार को कुछ ऐसा ही नगर क्षेत्र में देखने को मिला। एक ही विद्यालय में वार्षिकोत्सव के साथ ही उन्मुखीकरण का भी आयोजन कर दिया गया। इतना ही नहीं अविष्कार कार्यक्रम के तहत बच्चों की क्विज प्रतियोगिता तक का आयोजन हो गया, जबकि इसमें चुनिंदा विद्यालय के ही शिक्षक पहुंचे। बच्चे गिने चुने। उद्देश्य सिर्फ एक बजट खपाना। एक साथ तीन आयोजन और उसमें भी क्विज प्रतियोगिता में बच्चों की पर्याप्त सहभागिता नहीं होने पर कुछ शिक्षकों ने विरोध जताया तो खामी को छिपाने के लिए उसे निरस्त कर दिया गया।

इस बाबत जब नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार यादव से पूछा गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि दो कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। क्विज प्रतियोगिता को आपत्ति के कारण निरस्त कर दिया गया। अब इसे दोबारा कराया जाएगा। बीईओ के स्वीकार करने से साफ पता चला रहा है कि पूरा फोकस बच्चों पर नहीं बल्कि जिम्मेदारों का बजट पर रहा है।





नगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

### जगतपुर में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

ब्लॉक संसाधन केंद्र जगतपुर में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम प्रियंका सिंह खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख दल बहादुर सिंह और विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह राना मौजूद रहे। इस दौरान छात्रों ने अपनी मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच का संचालन एआरपी अजय सिंह एवं धर्मेन्द्र ने किया। कार्यक्रम में विद्यालयों में चल रहे निपुण भारत मिशन कायाकल्प प्रबंध समिति के कर्तव्य एवं दायित्व, डीबीटी आदि के बारे में बताया गया।

# एनएचएआई ने कई मकानों को किया ध्वस्त, हंगामा

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग के चौड़ीकरण में एनएचएआई के अधिकारियों ने बिना मुआवजा दिए दर्जनों मकानों को तोड़ दिया। इससे अक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने मुआवजा नहीं देने सड़क निर्माण न होने देने की चेतावनी दी है।

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग का इस समय चौड़ीकरण हो रहा है। फोर लेन की बन रही सड़क के लिए राजमार्ग के किनारे बने भवनों का धवस्तीकरण किया जा रहा है। शुक्रवार को क्षेत्र के सवैया हसन गांव के कई मकानों को एनएचएआई द्वारा ढहा दिया गया। इस कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के जहीर खान, गोवर्धन अवस्थी, इशरत शाह, इसराइल अली, शीलू अग्रहरी, पवनसुत, अब्दुल सत्तार खान, सुहील खान, सरताज खान, कृपा शंकर अवस्थी और मो रफीक खान का भवन तोड़ा गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनके भवन का मुआवजा नहीं मिल जाता , तब तक वह सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

आयोजन | आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

# एमसीएफ में राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह पर संरक्षा बुलेटिन का विमोचन

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह 10 मार्च तक चलेगा। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में संरक्षा बुलेटिन के तृतीय संस्करण का विमोचन करने के साथ ही संरक्षा शपथ ग्रहण की गयी।

महाप्रबंधक ने बताया कि किसी राष्ट्र के निर्माण एवं प्रगति में औधोगिक जगत का अहम योगदान होता है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना भी भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण नवीनतम और अत्याधुनिक उपकरण से युक्त इकाई है। कारखाने में कार्य के दौरान स्वंय की सुरक्षा, साथी की सुरक्षा एवं मशीन की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना अति आवश्यक हो जाता है।

इन तीनों बातों का ध्यान रख कर कार्य करने से हम अपने कार्यों के प्रति सही जबावदेही को अंजाम दे सकते हैं तथा परिवार के प्रति भी अपने जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निर्वाह कर सकते हैं। इस संरक्षा सप्ताह बुलेटिन में प्रकाशित कई उपयोगी जानकारी आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के निर्माण कार्य में लगे सभी वर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए के लिए सहायक सिद्ध होंगी।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के डिप्टी सीएमई सेफ्टी बीके कपूर ने बताया कि संरक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह के दौरान सभी शॉपों में कर्मचारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु संरक्षा उपकरणों के उपयोग एवं अग्निशमन प्रशिक्षण कराया जाएगाा है तथा संरक्षा जागरूकता को बढाने के लिए संरक्षा परामर्श सत्र एवं क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई एसएस कलसी, सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, सीपीई आनन्द प्रकाश सोनी, डिप्टी सीएमई सेफ्टी बीके कपूर आदि मौजूद रहे।



संरक्षा बुलेटिन का विमोचन करते रेल कोच के अधिकारी।

# रणनीति बनाकर मतदाताओं को किया जाए जागरूक

## अन्नदाता बने मतदाता, सास-बहू चली एवं यूथ चला बूथ की ओर थीम पर आधारित कार्यक्रम कराने के निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन में स्वीप गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि चुनाव के लिए एक टाइम टेबल बना लें और चुनाव आयोग के निर्देशों का गहनता से अध्ययन करें। सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों का आयोजन प्रारम्भ कराएं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले बूथों पर विशेष ध्यान देकर इन बूथों के लिए रणनीति बनाकर बूथ स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाएं और प्रत्येक बूथ पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप गठित किये जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ को इस ग्रुप का अध्यक्षता में टीम गठित कर बैठक व गोष्ठियां आयोजित की जाएं और वोटर दस्तक अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीप के तहत प्रत्येक गांव में अन्नदाता बने मतदाता, सास-बहू चली बूथ की ओर व यूथ चला बूथ की ओर थीम पर आधारित कार्यक्रम कराये जायेगें तथा कलेन्डर वितरण के साथ ही नुक्कड़ नाटकों का आयोजन और मानव श्रृंखला बनवाई जाये। निर्वाचन खेल प्रतियोगिता का आयोजन करायें और जागरूकता के लिए सोशल मीडिया का भी प्रयोग किया जाये। समूह की महिलाओ का भी सहयोग लिया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि स्वीप कार्यक्रमों में किसी राजनीतिक व्यक्ति को शामिल नहीं किया जायेगा और कार्यक्रमों में पूरी निष्पक्षता रखी जाये। उन्होने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालयों के बाहर क्यूआर कोड लगवायें तथा बीएसए डीआईओएस प्रत्येक विद्यालय में बच्चों के माध्यम से संकल्प पत्र तैयार कराये और उन पर बच्चों के अभिभावक हस्ताक्षर करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों, राशन वितरण की दुकानों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित होर्डिंग लगवाये और राशन की दुकानों पर पम्पलेट वितरित करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्टेट व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़े सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करें।



स्वीप गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक करते जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार





रैली निकालते नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल सदस्य। अमृत विचार



मतदाता जागरूकता रैली में शामिल एसडीएम पूनम भास्कर। अमृत विचार

### एसडीएम ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर की अपील

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सोमवार को दोपहर तीन बजे तहसील मुख्यालय से एक मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गो से गुजर कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक कर रही थी। रैली में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, नगर पालिका कर्मचारी, तहसील कर्मचारी शामिल हुए। इस मौके पर एसडीएम पूनम भास्कर ने कहा कि सभी नगरवासी और क्षेत्रवासी अपने-अपने गांव और मोहल्ले में 18 साल की उम्र पार कर चुके युवक और युवतियों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें और लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करें। उन्होंने कहा मतदान से बड़ा कोई यज्ञ नहीं होता है। इस मतदान से ही लोगों को अपने हित के लिए सरकार चुनने का अवसर मिलता है। इसलिए इस बहुमूल्य अवसर का पूरी तरह से प्रयोग करें और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करते रहें। उन्होंने कहा सभी बीएलओ को डोर टू डोर जाकर नए वोट बढ़ाने, मृत वोटरों के नाम काटने का निर्देश दे दिया गया है इसके लिए बीएलओ को फार्म उपलब्ध कराए गए हैं। सभी बीएलओ पूरी ईमानदारी के साथ काम करें।

### चुनाव का पर्व, देश का गर्व नारा देकर किया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र से ब्लाक बावन और सण्डीला में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली के प्रतिभागियों को कैप वितरण कर मतदाता शपथ दिलाई गई। रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में युवा मण्डल सदस्यों के साथ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली के प्रतिभागियों ने 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' और 'पहले मतदान फिर जलपान' जैसा नारे लगाकर आम लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बावन में कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रखर अग्निहोत्री ने रैली के दौरान घर-घर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें प्रचार सामग्री का वितरण भी किया। सण्डीला में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्याम सुंदर त्रिपाठी ने युवा मण्डल अध्यक्ष सूरज सिंह सिकरवार के साथ-साथ करन सिंह व विनोद के सहयोग से कार्यक्रम कराया गया।

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लगाएगा शिविर

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत ऐसे दिव्यांगजन जिनके हाथ/पैर विसंगत हैं, ऐसे दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाने एवं कैलिपर्स उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि 5 व 6 मार्च को तहसील सदर के लाभार्थियों के लिए विकास भवन परिसर में व 7 मार्च को शेष लाभार्थियों के लिए स्पोर्ट स्टेडियम मे शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## एक नजर

### भतीजे ने धारदार हथियार से चाचा पर किया हमला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला नेकोजई में भतीजे ने संपत्ति विवाद में चाचा को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला नेकोजई निवासी शीबा पत्नी अकील ने बताया उसका भतीजा आसिम पुत्र शकील उस पर बुरी नजर रखता है। विपक्षी इस संबंध में कई बार थाने में बंद रह चुका है। सोमवार को उसने उसके पति अकील के सिर पर धार दार चीज से पीछे से हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। उसने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा तुम्हारे मरने के बाद तुम्हारी संपत्ति और पत्नी सब पर कब्जा हो जायेगा। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिटाई से मां बेटी घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में मां बेटी ने अपने पड़ोसी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद के उधरनपुर निवासी रामकांती पत्नी रामलाल ने बताया पड़ोसी सोनपाल पुत्र राम सहाय उसके पति को आए दिन दबंगई में गाली गलौज किया करता है। सोमवार को दोपहर दो बजे भी उसने गाली दिया तो उसने उसे मना किया। मना करने पर उसे व उसकी बेटी राजवती को मारा पीटा, जिससे उन दोनों के चोटे आई हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी, पुलिस को दी सूचना

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में जूनियर हाईस्कूल का ताला तोड़कर चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। जूनियर हाईस्कूल की इंचार्ज प्रधानाचार्य अर्चना बाजपेई ने बताया 2/3 मार्च की रात में अज्ञात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर एक गैस सिलेंडर भरा हुआ, एक भट्टी, कुकर और बाल्टी चोरी कर ली। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### तीन दिन बंद रहेगा सण्डीला पोस्टमार्टम हाउस

**सण्डीला, हरदोई।** सीएचसी अधीक्षक डॉ शरद वैश्य ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम हाउस सण्डीला में तैनात स्वीपर उपकेंद्र पांच मार्च से सात मार्च तक निजी कार्यक्रम के चलते अवकाश पर रहेगा। जिस कारण अतरौली, सण्डीला, कासिमपुर थाना क्षेत्र के आने वाले पीएम जिला मुख्यालय भेजें जायेंगे।

# पेड़ से टकराई कार, दो घायल

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** कटरा -बिल्हौर हाइवे पर ओवरटेक करने में वैगन आर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से कार चालक और कार सवार दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मल्लावां में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के लिए रिफर कर दिया।

सोमवार को गंगारामपुर निवासी संदीप विश्वकर्मा (28) कार से अपने साथी सुधीर (45) निवासी गंगारामपुर किसी कार्य से बिलग्राम जा रहे थे। माधौगंज के पहले रसूलापुर गांव के पास ओवरटेक करते समय सामने से माधौगंज की ओर से आ रही रोडवेज बस को बचाने में सड़क के किनारे पेड़ से कार टकरा गई। हादसे में कार चालक और कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। संदीप और सुधीर दोनों रोडवेज बस में परिचालक हैं।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

# घूरा डालने के विवाद में पिटाई से महिला की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** ज़मीन के एक बिस्वा टुकड़े पर कब्ज़ा करने की नीयत से पड़ोसी उस पर घूरा डाल रहे थे। जिसका विरोध करने पर करीब एक महीने पहले महिला की जमकर पिटाई कर दी गई। चार दिन पहले ही महिला मेडिकल कालेज से छुट्टी होकर घर पहुंची, जहां रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

सुरसा थाने के मोना गांव की राममुखी (43) पत्नी रामप्रकाश की रविवार की देर रात घर में मौत हो गई। पति रामप्रकाश ने इस बारे में बताया कि पड़ोसी राम गुलाम उसकी एक बिस्वा ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए उस पर घूरा फेंकते थे। करीब एक महीनें पहले पत्नी राममुखी ने विरोध किया। उसी बात पर राम गुलाम, उसके पुत्र राहुल और पत्नी ने पहले तो राममुखी को लात-घूंसों से पीटा और फिर पेड़ की जड़ पर उसे पटक दिया। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गई। महिला को सुरसा सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां से चार दिन पहले ही उसकी छुट्टी की गई थी। इस बारे में सुरसा पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



संत सियाराम दास का स्वागत करते भक्तजन। अमृत विचार

### लोकतंत्र श्रीराम व राजा विभीषण की तरह हो

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में सोमवार को चित्रकूट धाम से आए संतसियारामदास का लोगों ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। सन्त ने भक्तों को रामजी की महिमा का गुणानुवाद किया। संत ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष व विपक्ष की भूमिका को बताते हुए कहा कि श्रीराम व राजा विभीषण की तरह होना चाहिए। चित्रकूट के रामधाम के संत ने कहा कि श्रीराम जी की महिमा अनंत है। रामजी ने चित्रकूट में कोल किरात भिल्ल वनवासियों को सद्कर्म व धर्म की महिमा बताई। उन्होंने सीता हरण की कथा सुनाई। भगवान श्री राम की कृतियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि लोग उनकी पूजा नही बल्कि उनके चरित्र की पूजा आराधना करते हैं। इस मौके पर रामू कश्यप, शैलेन्द्र सिंह, डा. रोहित शर्मा, मुकेश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, रतीभान वर्मा शकुंतला आदि लोग मौजूद रहे।

### सजने का है शौकीन कहीं नजर न लग जाए...

**हरियावां-मंसूर नगर, हरदोई।** क्षेत्र के ग्राम मंसूर नगर मे रविवार को भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। राजमहल में विराजे श्याम प्रभु को रिझाने के लिए रातभर एक से बढ़कर एक भजनों की रसधार बही। इस बीच भक्त पुष्प व इत्र की वर्षा करते रहे। सजने का है शौकीन कहीं नज़र न लग जाएं... तू क्यों घबराता है तेरा श्याम से नाता है... जैसे श्याम भजनों में लोग रम गए। भजन गायकों के साथ भक्त भी सुर में सुर मिलाते नजर आए। मंसूर नगर के रामलीला मैदान में द्वितीय श्याम संकीर्तन का अलौकिक श्याम दरबार सजाया गया है, जिसमें देशभर के भजन गायक अपनी प्रस्तुति से श्याम बाबा को रिझा रहे थे। दिन में बारिश और ओलावृष्टि होने के बावजूद भी बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन सुनने के लिए रात को लोग उमड़ पड़े।

### आंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** भारत रत्न बाबा साहब सेवा समिति की एक बैठक रवि राज गौतम की अध्यक्षता में ग्राम नगला हुसैन में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि नरवेश कुमार व विशिष्ट अतिथि डाक्टर राजकुमार कठेरिया मौजूद रहे। नरवेश कुमार ने बहुजन समाज के भाई और बहनों को बताया कि भीम राव आंबेडकर ने अपने चार-चार बच्चे कुर्बान कर दिए। हम सब की खातिर और अपने समाज के खातिर उन्हें हम कैसे भुला सकते। आज सब अधिकार बाबा साहब ने हम सबको संविधान में दिये है। राजकुमार कठेरिया ने सम्बोधित करते हुये बहुजन समाज के लोगों को अपने गीत के मध्यम से बाबा साहेब का पूरा जीवन संघर्ष सुनाया। जिससे लोगों के आंखो मे आंसू तक आ गये। इस अवसर पर नरवेश कुमार, दिनेश कुमार, तेजपाल कठेरिया, डा. राजकुमार कठेरिया, ब्रजकिशोर प्रधान वारी, मदनपाल गौतम, आयोजक रवि राज गौतम आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** ऑनलाइन उपस्थिति एवं डिजिटिलाइजेशन के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सण्डीला में ज्ञापन देने हेतु भारी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए परंतु खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के अपने मूल ब्लॉक कोथावां में उपस्थित होने के कारण ज्ञापन ब्लॉक लिपिक सत्येंद्र कुमार के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से तहसील प्रभारी पवन कुमार शुक्ल,ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार बाजपेई, संघर्ष समिति के अध्यक्ष मो. हारून,ब्लॉक मंत्री शैलेन्द्र कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र वीर सिंह, उपाध्यक्ष नुरुल हसन, मो.नईम, दुर्गेश जायसवाल, महिला उपाध्यक्ष रश्मि मिश्रा, अर्पी वर्मा के साथ-साथ सोमनाथ ऋषीश्वर, हरीराम गुप्ता, निहाल अहमद, सौम्या मिश्रा, सुमन वर्मा, रामहंस यादव, अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### संयुक्त शिक्षा निदेशक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले के 138 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को परीक्षाएं कराई गईं। प्रात: कालीन में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा 4977 परीक्षार्थियों ने छोड़ दिया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सोमवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक षष्ठ मंडल लखनऊ प्रदीप कुमार ने बीएन इंटर कालेज भगवंत नगर, रमेश चंद्र अवस्थी इंटर कालेज मल्लावां सहित तमाम परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपदस्तीय संकलन केंद्र व जनपदीय मानीटरिंग सेल का निरीक्षण किया। सोमवार को हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में 53319 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, लेकिन 48342 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी।

### हाईवे पर घंटों फंसा रहा ओवरलोड ट्रक

**हरदोई।** सीतापुर हाईवे का फुटपाथ पूरी तरह से गायब हो चुका है। ऐसे में हर रोज कोई न कोई हादसे होते-होते टल रहे हैं। सोमवार की सुबह इटौली पुल के पास सीतापुर के लिए जा रहा ओवर लोड ट्रक पुल के पास फुटपाथ के गड्ढे में फंस गया। हाईवे पर जाम लग गया। इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से फंसे हुए ट्रक को खींच कर गड्ढे से बाहर निकलवाया गया।

# एसडीएम के वाहन की टक्कर से महिला अधिवक्ता घायल

हादसा

▸▸ कलेक्ट्रेट में हुआ हंगामा, डीएम ने समझाकर मामला शांत कराया

हरदोई

**अमृत विचार।** शहर में स्कूटी सवार अधिवक्ता को मजिस्ट्रेट लिखी बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे अधिवक्ता के हाथ में चोटें आईं और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। कलेक्ट्रेट में लगभग तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। देर शाम जिलाधिकारी ने समझाबुझाकर मामले को शांत कराया।

कोतवाली शहर के रामनगर कालोनी की हरप्रीत कौर पत्नी रूपेन्द्र सिंह पेशे से अधिवक्ता हैं। सोमवार को हरप्रीत कौर स्कूटी से लखनऊ रोड होते हुए सिनेमा चौराहे आ रही थी। उसी बीच एक शॉपिंग मॉल के पास बोलेरो गाड़ी, जिस पर पीछे मजिस्ट्रेट लिखा था, ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद पति-पत्नी कलेक्ट्रेट पहुंचे यहां गाड़ी पर सवार उपजिलाधिकारी न्यायिक बिलग्राम ने अधिवक्ता से खेद व्यक्त करते हुए अफसोस जताया, लेकिन महिला अधिवक्ता इससे संतुष्ट नहीं हुई। लगभग तीन घंटे तक कलेक्ट्रेट में हंगामा चलता रहा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री सहित तमाम अधिवक्ता इस बीच पहुंचे, लेकिन हंगामा बंद नहीं हुआ। देर शाम कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित अधिवक्ता ने जिलाधिकारी को पूरा प्रकरण बताया। आरोपी के माफी मांगने के बाद जिलाधिकारी समझाकर मामले को शांत कराया। अधिवक्ता का कहना है कि हादसे में उन्हें काफी चोंट आई और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। इतना ही नहीं रोकने पर ड्राइवर ने अभद्रता की।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं पहुंच रहा पुष्टाहार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** पिछले कुछ महीनों से नगरीय आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण बाधित है। बेनीगंज कस्बे में कुल 19 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है, जिनमें पिछले दो माह जनवरी व फरवरी का पुष्टाहार अभी तक नही पहुंच सका है, जिसके कारण लाभार्थी काफी परेशान हैं। आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि दिसम्बर माह का राशन जनवरी माह में वितरित किया गया था जिसके बाद से जनवरी व फरवरी माह के राशन का उठान न होने से अभी तक राशन लाभार्थियों तक नही पहुंच सका है। सीडीपीओ नगर कार्यालय बेनीगंज ने बताया कि नगरीय आंगनबाड़ी केंद्रों का राशन जिला कार्यालय से सीधे केन्द्रों को आता है, और ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों का राशन ब्लॉक कार्यालय पर आता है यहीं से उनका उठान होता है, जल्द ही नगरीय आंगनबाड़ी केंद्रों का राशन भी आने की उम्मीद है।

# बच्चों को बताया वन्य जीवों का महत्व

शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विश्व वन्यजीव दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग हरदोई के तत्वाधान में विश्व वन्यजीव दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय वनाधिकारी आलोक शर्मा ने वन्यजीवों के इकोसिस्टम एवं वन और जीवों के महत्व को बच्चों को बताया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सुप्रिया ने वन्य जीव दिवस मनाए जाने के पीछे कारण को विस्तृत रूप से बच्चों को अवगत करवाया। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सहायक अध्यापिका मणि सिंह,रजनी तिवारी, अनिता अवस्थी, सत्तार अली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वन विभाग के मनीराम, अरुण पाठक, अजीत कुमार, मनोज कुमार और अखिलेश कुमार सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।



बच्चों को पुरस्कृत करते क्षेत्रीय वनाधिकारी आलोक शर्मा। अमृत विचार

### तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय का किया विरोध

**हरदोई, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन हरदोई की आम सभा की बैठक सोमवार को अध्यक्ष के डी शुक्ला की अगुवाई में हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने एकमत से तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय जाने का विरोध जताया और कहा कि किसी भी सूरत में तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय नहीं जाना चाहिए। सदस्यों की मनसा के आधार पर तय किया गया कि मंगलवार की दोपहर इस संबंध में जिला जज को सभागार में बुलाया जाएगा और वार्ता की जाएगी। यदि सार्थक परिणाम नहीं निकला तो उसे मृत में 6 से 9 मार्च तक अदालती काम का का विरोध जताया जाएगा। इस दौरान लोक अदालत का भी बहिष्कार किया जाएगा।

चुनावी हलचल

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के साथ पत्रकार वार्ता में पहुंचे सांसद जयप्रकाश रावत, कहा-

# मतदाताओं के सुझाव पर बीजेपी बनाएगी घोषणा पत्र

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। ऐसा मानना है हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत का। सांसद जयप्रकाश रावत भाजपा के दूसरी बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय पर पहली बार पत्रकारों से उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के साथ मुखातिब हुए। सांसद पांच वर्ष में पहली बार पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रख रहे थे।

सांसद जय प्रकाश ने कहा उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में पांचों विधान सभा के विधायकों से समन्वय बनाकर विकास कार्यों को पूरा करने का कार्य किया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें फिर प्रत्याशी बनाया है इस बार जनता की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा भाजपा इस बार अपना घोषणा पत्र मतदाताओं की राय से बनाएगी। इसके लिए हर विधान सभा में एक सुझाव पेटिका रखी जायेगी। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की सुझाव पेटी का ब्लॉक मुख्यालय पर रखी जाएगी। इस सुझाव पेटिका में मतदाताओं के सुझाव लिए जायेंगे। मतदाता सरकार से क्या अपेक्षा करता है ? उसे घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा। भाजपा अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का कार्य करती है, इसीलिए गांव-गांव से मोदी जी के समर्थन की आवाज आ रही है। लोग खुद भाजपा की कार्यशैली से संतुष्ट होकर वोट करेंगे। उन्होंने कहा भाजपा का वादा है 'हर युवा को रोजगार, हर घर को राशन और हर महिला की सुरक्षा। देश को और विकसित करने के लिए लोगों के सुझाव लिए जायेंगे। ताकि लोगों के मन की बात को समझकर उसे घोषणा पत्र में समाहित कर पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा संसद का क्षेत्र काफी बड़ा होता है इसलिए सांसद क्षेत्र में कम समय दे पाते हैं। मेरे द्वारा क्षेत्र में पर्याप्त समय दिया गया और विकास कार्य भी किए गए हैं सांसद जी ने भी विकास कार्य में पूर्ण सहयोग किया है। आप सभी भी मोदी जी की कार्यशैली से प्रभावित होंगे और मन से पसंद करते होंगे कि मोदी जी देश के लिए बढ़िया नेता है। इस अवसर पर प्रीतेश दीक्षित,आजाद भदौरिया,ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, टोडरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ब्लॉक मुख्यालय पर पत्रकारों से बात करती उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और सांसद।

### दुकान में हुई हजारों की चोरी

**हरदोई,अमृत विचार।** कछौना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गाजू रोड पर एक मेडिकल स्टोर के पास गुमटी में एक लोहे की दुकान हैं। गुमटी का पटरा तोड़कर चोरों ने रविवार की रात चोरी कर ली। पीड़ित ने सोमवार की सुबह कोतवाली कछौना में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोमनगर कुकुही निवासी धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा की गाजू रोड पर जीतू मेडिकल स्टोर के पास गुमटी में लोहे की दुकान है। वह लुहार गिरी का कार्य कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। धर्मेंद्र कुमार रविवार को दुकान खोलने आए तब उन्होंने देखा की गुमटी के डाले का पटरा टूटा हैं और गुमटी में रखा सामान भट्टी जलाने का पंखा, हथौड़ा, बड़ा हथौड़ा, काम करने वाले लोहे के औजार सहित दो हजार रुपये नकदी चोरी हो गई हैं।

## एक नजर

### दबंगों पर जमीन कब्जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला भगवंत नगर निवासी भास्कर मिश्रा ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि उसके रिश्तेदार सुशील मिश्रा की जमीन पर तेरिया भवानीपुर निवासी रामसागर मिश्रा निवासी गोवर्धनपुर इंद्रपाल उर्फ अशोक कुमार, राजेश, छोटेलाल से साठगांठ कर भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया। शिकायती प्रार्थना पत्र से नाराज होकर रामसागर के भतीजे अनूप मिश्रा निवासी भगवंत नगर ने उन्हें गाली गलौज का जान माल की धमकी दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

### एसके शर्मा को सीओ ट्रैफिक व सीओ क्राइम की ज़िम्मेदारी

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने गैर जनपद से आए सीओ सुनील कुमार सिंह को कई अहम ज़िम्मेदारी सौंपी है। एसपी ने एसके शर्मा को सीओ ट्रैफिक, सीओ क्राइम, सीओ पुलिस ऑफिस, रिट सेल, नारकोटिक्स सेल, क्राइम ब्रांच, अभियोजन, एएचटीयू, जनसूचना सेल, किशोर इकाई, मॉनिटरिंग सेल और सम्मन सेल की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

### छत्तीसगढ़ के युवक की सड़क हादसे में मौत

**माधौगंज।** ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाले छत्तीसगढ़ के युवक को बिल्हौर. कटरा हाईवे पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे वह ज़ख्मी हो गया। पुलिस उसे सीएचसी ले गईएलेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। सोमवार की शाम को माधौगंज थाने के शेखवापुर पश्चिमी बिल्हौर-कटरा हाई .वे पर हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान छत्तीसगढ़ के ज़िला बड़ौदा बाज़ार अचनापुर निवासी 27 वर्षीय अरुण के रूप में हुई है। अरुण मल्लावां स्थित एक ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता है। जबकि उसका साला शेखवापुर स्थित ईंट भट्ठे पर काम करता है। सोमवार की देर शाम वह अपने साले से मिलने जा रहा था। उसी बीच रास्ते में हादसे का शिकार हो गया है।

# पुलिस के सवालों में उलझे जीटीएल कंपनी के अधिकारी

हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस नेटवर्क सेवा में अपनी अलग पहचान बना चुकी जीटीएल (ग्लोबल टेलीसिस्टम्स लिमिटेड) के ताबड़तोड़ टॉवर चोरी को फिलहाल आसानी से गले नहीं उतार पा रही है।पुलिस ने जब जीटीएल कंपनी के अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया तो उसका सामना होते ही लखनऊ से अधिकारियों की घिग्गी बंध गई। उन्होंनें हर सवाल पर उसका जवाब देने के लिए पुलिस को उलझाने की कोशिश की। उनके इस रवैए से पुलिस को मानना पड़ रहा है कि टॉवर चोरी में कंपनी के अधिकारियों की ही साजिश हो सकती है। फिलहाल तहकीकात की जा रही है।

बताते चलें कि जीटीएल कंपनी के एक के बाद एक तीन टॉवर चोरी होने से न सिर्फ पुलिस में खलबली मच गई, बल्कि पब्लिक भी सोंच में पड़ गई कि आखिर चोर इतने ऊंचे टॉवर कैसे चोरी हो सकते है।

बताते चलें कि जीटीएल कंपनी के टॉवर चोरी के मामले में कोतवाली शहर पुलिस तहकीकात में जुटी हुई थी, तहकीकात किसी नतीजे तक पहुंचती, इससे पहले उसी जीटीएल कंपनी के दो और टॉवर चोरी होने की रिपोर्ट एक बेहटा गोकुल और दूसरी लोनार थाने में दर्ज कराई गई। लोनार पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया। सोमवार को लखनऊ से आए कंपनी के इंस्पेक्टर शिवगोपाल गुप्ता और मैनेजर तौसीफ अहमद के अलावा तहरीर देने वाले टेक्नीशियन प्रमोद कुमार सिंह का पुलिस से सामना हुआ। इस दौरान कंपनी के अधिकारी पुलिस की तरफ से किए गए सवाल का जवाब नहीं दे सके, बल्कि उसे उलझाते रहे। आईओ व्यास यादव ने इतनी देर में रिपोर्ट दर्ज कराने की वजह पूछी, तो बताया कि पहले तैनात टेक्नीशियन का तबादला हो गया था, लेकिन देरी करने का सही जवाब नहीं दिया, बल्कि एक-दूसरे की बगले झांकने लगे। काफी देर तक पूछताछ का सिलसिला चला, लेकिन पुलिस को उसके किसी एक सवाल का भी जवाब नहीं दिया। ऐसे में पुलिस को मानना पड़ रहा है कि टॉवर चोरी में कंपनी के अधिकारियों की ही साजिश हो सकती है। फिलहाल पुलिस काफी गहराई से मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

**जांच-पड़ताल**

- तीन टॉवरों के चोरी के मामले में पुलिस की जांच तेज
- चोरी में कंपनी के अधिकारियों का ही हाथ होना मान रही पुलिस




### कहां-कहां से चोरी हुए टॉवर

पुलिस कोतवाली शहर में लालपालपुर में जगपाल सिंह की ज़मीन पर लगा था टॉवर चोरी हुआ। उसके बाद बेहटा गोकुल थाने के कपूरपुर बहोरन में पुत्तूलाल और लोनार थाने में जगदीशपुर निवासी अनुज सिंह की ज़मीन पर लगा जीटीएल कंपनी के टॉवर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी जांच करने में जुटी हुई है।

### पुलिस से बनाए रखी दूरी

कपूरपुर बहोरन में टॉवर चोरी की जांच कर रहे एसएचओ बेहटा गोकुल राजवीर सिंह ने पूछने पर बताया कि उन्होने सोमवार को कंपनी के अधिकारियों को बुलाया था, लेकिन नहीं पहुंचे, जबकि लोनार पुलिस के सामने पहुंचे उन अधिकारियों ने बताया था कि इसके बाद उन्हे बेहटा गोकुल भी जाना है, लेकिन लोनार पुलिस के सामने सकपका गए उन अधिकारियों ने बेहटा गोकुल पुलिस से दूर-दूर रहे।

## अचानक खेत में गिरे किसान की हुई मौत

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर काम करा आलू किसान वहीं गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां अफ़रा-तफ़री मच गई। आलू किसान की मौत होने से उसके घर वालों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। हरपालपुर कोतवाली के रोशनपुर मजरा सुब्हौआपुर निवासी कुशमेश कुमार (45) खेती-किसानी करता था। सोमवार को वह खेत पर आलू भरवा रहा था, उसी बीच वहीं पर गिर पड़ा और मौत हो गई। कुशमेश के परिवार में पत्नी सागरवती के अलावा पांच बेटे और दो बेटियां है।

# नशे में झगड़ रहे तीन युवक तालाब में गिरे, एक की मौत

## ग्रामीणों की मदद से दो युवकों को बाहर निकाला गया

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** नशे की हालत में झगड़ा कर रहे तीन युवक झगड़ते झगड़ते तालाब में जा गिरे। दो युवकों को तो ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल लिया गया लेकिन तीसरा युवक का शव करीब तीन घंटे बाद गोताखोरो की मदद से बाहर निकाला जा सका। ऐसे में युवक का शव मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया।

नगर के श्यामपुर निवासी तीन युवक नौसाद पुत्र मुन्ना, कफील पुत्र हनीफ और लियाकत पुत्र सिराज जो शराब पीकर कस्बा मोड़ के पास किसी बात को लेकर झगड़ने लगे तभी तीनों तालाब में जा गिरे। नौसाद और कफिल को वहां मौजूद लोगों ने बाहर निकाल लिया लेकिन लियाकत गहरे पानी और दलदल में शमा गया। नगर पालिका की जेसीबी की मदद से पुलिस ने खोजबीन शुरू कराई लेकिन पता न चल सका। करीब ढाई घंटे बाद कांस्टेबल नरेंद्र कुमार ने ज़ब गोताखोर बुलाया तो उसके शव की खोजबीन गोताखोरों ने शुरू की और उसके आधे घंटे बाद शव निकाला जा सका। जैसे ही शव मिला तो पूरे घर में कोहराम मच गया। मृतक भट्टे पर ईंट ढोने का काम करता था। उसका दो वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




तालाब से युवक का शव निकालती जेसीबी व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

## महिला घर में घुसकर लूट का लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के एक मोहल्ले की विवाहिता ने मोहल्ले के ही दो युवकों पर घर में घुसकर जबरदस्ती दुराचार कर मारपीट करने और जेवर नगदी लूट ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली के एक मोहल्ले निवासी 22 वर्षीय युवती ने बताया वह सोमवार की शाम को 6 बजे घर पर अकेली थी।तभी मोहल्ले के ही दो युवक उसके घर में घुस आए और बारी बारी दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर दोनों ने लातघूसों से उसकी पिटाई की।बक्से में रखे 10, हजार रुपये की नगदी और सोने की चेन, चांदी की पायल और झाले लूट कर ले गए।उसका पति घटना के वक्त काम पर से लौटा नहीं था।पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# काफिला कुर्बानियों का रुक नहीं सकता

हरदोई

**अमृत विचार।** शहर की बरसो पुरानी श्रीराम लीला मेला एवं प्रदर्शनी में हुए विराट कवि सम्मेलन में पहुंचे कवियों और कवयित्रियों एक से बढ़ कर अपनी रचनाएं सुनाई। आधी रात के बाद तक चले कवि सम्मेलन का हिस्सा बने श्रोताओं ने ओज, वीर रस, श्रृंगार रस के साथ हास्य रस का रसास्वादन किया।

विराट कवि सम्मेलन में 'नेता जी लपेट में' टीवी शो में ख्याति बटोर चुके कवियों को खूब पसंद किया गया। इटावा से आए गौरव चौहान की रचनायें' जज़्बा जंग लड़ने का कभी भी चुक नहीं सकता, कभी ये काफिला कुर्बानियों का रुक नहीं सकता, कन्हैया हो या खालिद हो लगा लो ज़ोर कितना भी, बदन में जान है तब तक तिरंगा झुक नहीं सकता' काफी पसंद की गई। इसी कड़ी में दिल्ली से आए प्रताप फौजदार ने कहा 'वफा ईमान की बातें किताबों में नहीं मिलती, भरोसा रोज़ मिलता है, भरोसा रोज़ डसता है, ज़मी वो अन्न पैदा कर जो वफा जो खून में बोले, भगत सिंह जैसे बेटों को वतन अब भी तरसता है'मेरठ की कवयित्री डा. तुषा शर्मा अपनी रचना 'वक्त के साथ जो मुश्किल कोई टल जाएगी, इसका मतलब नहीं तकदीर बदल जाएगी, सोंच कर आप अगर देंगे मोहब्बत का जवाब, इतने अरसे में तो दुनिया ही बदल जाएगी' से श्रोताओं को बहुत कुछ सोंचने के लिए मजबूर कर दिया। इसके बाद कवि अभय निर्भीक कानपुर ने वीर रस की अपनी रचना 'भारत माता का हरगिज़ सम्मान नहीं खोने देंगे, अपने पूज्य तिरंगे का अपमान नहीं होने देंगे' सुना कर श्रोताओं में ज़ोश भर दिया। इसके साथ ही मुरादाबाद से आए राहुल शर्मा व कानपुर से आए मानक मुकेश ने अपनी-अपनी रचना से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कविता पाठ करती कवयित्री। अमृत विचार

# रजामंदी से निपटाए जाएं मुकदमे : न्यायाधीश

हरदोई

**अमृत विचार।** 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर मोटर दुर्घटना सम्बन्धी मुकदमों के निपटारे के लिए मोटर दुर्घटना अधिकरण के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश शमसुल हक की ओर से विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को समस्त बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं से विचार विमर्श करने के लिए प्रीट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अधिवक्ताओं ने मुकदमों को सुलह समझौता के आधार पर निपटाने में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। वकीलों ने बताया कि कई मामलों में अभी तक आरोप पत्र के अलावा सम्बन्धित अन्य आवश्यक कागजात नहीं आ पाए हैं। जिनके अभाव में सुलह हो पाने में दिक्कतें आती हैं। इस पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश शमसुल हक ने वकीलों से कहा कि ऐसे मुकदमों की सूची बनाकर मोटर दुर्घटना अधिकरण या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में अविलम्ब मुहैया करा दें ताकि सम्बंधित मुकदमों के वांछित प्रपत्र सम्बंधित विभाग से शीघ्रतिशीघ्र मंगाए जा सके। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश सुधाकर दुबे ने कहा कि बार एवं बेंच का एक ही मकसद होता है कि पीड़ित को शीघ्र एवं सुलभ न्याय मुहैया हो सके। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लोक अदालत सबसे सुलभ मंच है। क्योंकि लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर तुरंत ही मुकदमें का निस्तारण हो जाता है और पक्षकारों को बेवजह के झंझटों से सदैव के लिए छुटकारा मिल जाता है। इस बैठक में विभिन्न बीमा कम्पनियों के प्रदीप जैन, राजीव मिश्रा, सर्वेश रस्तोगी के अलावा अधिवक्ता संजय पाल समेत तमाम वादकारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पीठासीन अधिकारी, प्राधिकरण सचिव एवं अधिवक्ता।

# फसल की रखवाली करने गए युवक का शव मिला

हरदोई

**अमृत विचार।** फसल की रखवाली करने गए युवक का शव वहीं खेत में पड़ा हुआ देखा गया। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है।



पाली थाने के शंकरपुरा निवासी प्रेममूर्ति का 24 वर्षीय पुत्र शोभित खेती-किसानी करता था। रविवार की रात में घर से खाना खाने के बाद फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गया था। सोमवार की सुबह शोभित घर नहीं लौटा, तो घर वाले उसे खेत पर देखने पहुंचे, जहां शोभित का शव वहीं खेत में पड़ा हुआ था। एसएचओ पाली अरविंद राय अपनी पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे और शव को कब्ज़े में लेते हुए वहां आस-पड़ोस व युवक के घर वालों से पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह का कहना है कि फिलहाल युवक के कोई ज़ाहिरा चोंट नहीं दिखाई गई। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे कुछ कहा जा सकता है।

# घर में अकेली महिला का शव चारपाई पर पड़ा मिला

हरदोई

**अमृत विचार।** पति की मौत के बाद घर में अकेली रह रही महिला का शव उसी के बंद कमरे में चारपाई पर पड़ा देखा गया। इसका पता तब हुआ जब लखनऊ में नौकरी कर रहा उसका देवर गांव पहुंचा। दरवाज़े की कुंडी तोड़ी गई, तो अंदर उसका शव पाया गया।

कछौना कोतवाली के धुर पुरा मजरा निर्मलपुर निवासी नरेश की बीमारी के चलते पहले ही मौत हो चुकी है। उसके कोई बच्चे नहीं थे। उसकी 40 वर्षीय पत्नी नगीना गांव में अकेली रह रही थी। रविवार की शाम को नगीना का देवर रामदास जोकि लखनऊ मेडिकल कालेज में सिक्योरिटी गार्ड है, उसके घर पहुंचा। कमरा अंदर से बंद देख कर उसने कई बार आवाज़ दी और उसकी कुंडी खटखटाई, लेकिन फिर भी अंदर से कोई आवाज़ नहीं आई। दरवाज़े की कुंडी तोड़ी गई, जहां अंदर नगीना का शव चारपाई पर पड़ा मिला।उसके मुंह से खून निकल रहा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**हरदोई, अमृत विचार।** श्रीनगर में तैनात सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर श्यामसुंदर वर्मा की वहीं संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सोमवार को सीआरपीएफ के दिवंगत इंस्पेक्टर का शव उनके घर लाया गया, उसके बाद श्रवण देवी मुक्तिधाम में राजकीय में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बताते चलें कि कोतवाली शहर के ऊंचा थोक निवासी श्यामसुंदर वर्मा पुत्र श्रीपाल वर्मा सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर थे और श्रीनगर में तैनाती थी। वहीं श्रीनगर में इंस्पेक्टर श्यामसुंदर वर्मा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सोमवार दिवंगत इंस्पेक्टर का शव उनके आवास पर पहुंचा, जहां हर तरफ मातम बरपा हो गया, उसके बाद श्रवण देवी मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान हर तरफ से सिसकियां ही सिसकियां सुनाई दे रहीं थी।



सीआरपीएफ के जवान को अंतिम सलामी देते जवान। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कॉलोनी का ताला तोड़कर कब्जा करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के काशीराम कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने दूसरी कालोनी में रहने वाले व्यक्ति की कालोनी पर ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। आरोपी के खिलाफ पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है। कांशीराम कालोनी के ब्लॉक 48/567 में रहने वाले नत्थू पुत्र अजीज ने बताया 2012 में सरकार की ओर से उसे कालोनी आवंटित हुई थी। जिस पर उसका कब्जा था। मेहनत मजदूरी करने के लिए वह एक वर्ष पूर्व बाहर चला गया था। बकौल पीड़ित उसकी गैरमौजूदगी में ब्लॉक 44/527 में रहने वाले इकरार के पुत्र शादाब ने उसकी कालोनी का ताला तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया और रहने लगा। आरोप है कि शादाब ने उसका सामान भी कहीं बेंच दिया। जब वह बाहर से वापस आया तो कालोनी में दूसरे को रहते देख उससे कहने गया, तो शादाब और उसकी पत्नी गुलफशां झगड़े पर उतारू हो गए। फिर किसी तरह शादाब ने स्टांप पर मार्च 24 में मकान खाली करने की लिखा पढ़ी की। जब वह एक मार्च को पूंछने गया तो गुलफशां ने गाली गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसवा देने की धमकी दी। पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी गई है।

### आयुष्मान भारत प्रशिक्षण के बांटे गए प्रमाण-पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** सीएचसी अहिरोरी में आयुष्मान भारत प्रशिक्षण के तहत स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम में प्रशिक्षित हुए शिक्षकों को प्रमाण-पत्र बांटे गए। जूनियर विद्यालय स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण में स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए लोगों को जागरूक करने पर ज़ोर दिया गया। अहिरोरी सीएचसी में चल रहे चार दिवसीय आयुष्मान भारत प्रशिक्षण के तहत स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम की कड़ी में जूनियर विद्यालय स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए शिक्षको को बताया गया कि वे लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए लोगों को कैसे प्रेरित करें। एआरपी विवेक कुमार मिश्र ने शिक्षको को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए उन्हे जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षको को प्रमाण-पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान बीईओ अहिरोरी उदय भान यादव और डा. अरविंद शुक्ला के अलावा तमाम शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### आबादी के बीच खड़ी पिकअप चोरी, जांच कर रही पुलिस

**हरदोई, अमृत विचार।** चोर लगातार ला एंड आर्डर के लिए चुनौती बनते जा रहें हैं। रविवार की रात में साण्डी कस्बे में बीच आबादी में खड़ी पिकअप के चोरी होने से जहां पुलिस हलकान हो गई, वहीं पब्लिक परेशान है। तहरीर आते ही पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरें खंगालने शुरू कर दिए है। उसका दावा है कि जल्द चोरों का पता लगा कर पिकअप ढूंढ ली जाएगी। साण्डी कस्बे के मोहल्ला मुंशीगंज निवासी इरफान पुत्र अबरार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार को उसने अपनी पिकअप वहीं घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन उसके बाद जब उस पर नज़र गई, तो वहां पिकअप का कोई अता-पता नहीं था। बीच आबादी से पिकअप के चोरी होने की खबर ने समूचे कस्बे में खलबली मचा कर रख दी। चोरों की इस कारस्तानी से जहां पुलिस हलकान है तो वहीं पब्लिक परेशान दिखाई दे रही है। इस बारे में एसएचओ साण्डी छोटेलाल का कहना है कि चोरों का पता लगाने के लिए कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरें खंगाले जा रहे है, उन्होने ने पूरे दावे के साथ कहा कि चोरी का जल्द खुलासा कर लिया जाएगा।

### चोरियों के विरोध में ग्रामीणों ने लगाया जाम

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** तेंदुआ गांव में लगातार हो रही चोरियों से गुस्साए ग्रामीणों ने मल्लावां - संडीला रोड पर तख्त रख कर करीब दो घंटे से जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग दो घंटे तक चले हंगामे के बाद अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हो गए। बताते चले 24 फरवरी को तेंदुआ गांव में रामऔतार, नीतीश और रामचंन्द्र के घर से लाखों के आभूषण और नगदी चोरी कर ले गए। ऐसे में रविवार की रात अज्ञात चोर राकेश के घर में चोरी करने की कोशिश में जुटे थे तभी शोर शराबा सुनकर उठ गए। चोर पकड़ने की कोशिश में संतोष घायल हो गया था। पुलिस की लापरवाही के चलते बराबर हो रही चोरियों से ग्रामीणों में काफ़ी नाराजगी बनी हुई है। कोतवाल निर्भय सिंह जाम की सूचना पर पहुंचे जहां ग्रामीण सुनने को तैयार नहीं थे। ग्रामीणों ने चोरियों के खुलासे की लिखित मांग और उच्च अधिकारियों को बुलाने को लेकर अड़े थे। समाचार लिखें जाने तक कोई उच्च अधिकारी नहीं पहुंचा था और जाम के चलते वाहनों की लम्बी कतारे लगी थी जिससे यातायात पूरी तरह से प्रभावित बना हुआ था। लगभग दो घंटे बाद क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों से बातचीत की। इसके बाद जाम खुल सका।

### एसोसिएशन के प्रदेश सचिव बने आरपी सिंह

**हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्रामीण डाक सेवक एसोसिएशन के अयोध्या में हुए प्रांतीय अधिवेशन में हरदोई के आरपी सिंह त्यागी को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी से नवाजा गया है। मालूम हो कि दो-तीन मार्च 2024 को संगठन का अधिवेशन अयोध्या में आयोजित हुआ था जिसमें सर्वसम्मति से श्री त्यागी को प्रदेश सचिव बनाया गया। श्री त्यागी के प्रदेश सचिव बनने पर हरदोई के डाक कर्मचारियों में खुशी की लहर है। श्री त्यागी को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर संतोष कुमार दीक्षित, रत्नेश सिंह, नरेश चंद्र मिश्रा, संजय त्रिवेदी, अरुणेश सिंह व प्रभात सिंह आदि कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया।

# घंटों देरी से चल रहीं ट्रेनें, यात्रियों को परेशानी

हरदोई

**अमृत विचार।** 1 मार्च से कोहरे को लेकर निरस्त चल रही ट्रेनों के बहाल होने के साथ ही कई वर्षों से बंद चल रही पैसेंजर ट्रेनों को भी रेलवे ने बहाल कर दिया। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होकर जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों को बहाल किया गया हैं।

रेल यात्री इन पैसेंजर ट्रेनों के बहाली की मांग काफी लंबे समय से कर रहे थे, वहीं रेल प्रशासन ने स्पेशल एक्सप्रेस के रूप में चल रही पैसेंजर ट्रेनों को वापस पैसेंजर ट्रेन बनाकर संचालित करना शुरू कर दिया है। इसे के साथ रेल प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनों को पैसेंजर ट्रेन में तब्दील करने के साथ ही उनके किराए में भी कमी कर दी गई है। पहले स्पेशल एक्सप्रेस का न्यूनतम किराया 30 रुपये था, जिसे अब वापस 10 रुपये कर दिया गया है। हरदोई से करना, मसित, बघौली, बालामऊ, लखनऊ, शाहाबाद, शाहजहांपुर जाने वाले रेल यात्रियों को काफी राहत मिली, लेकिन रेल यात्रियों की राहत यह ज्यादा दिन तक नहीं रह पाई। शाहजहांपुर से चलकर लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन अपने संचालन के साथ ही रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा रही है।



### दैनिक यात्रियों को हो रही असुविधा

हरदोई से होकर जाने वाली 04319-20 शाहजहांपुर लखनऊ शाहजहांपुर पैसेंजर को 1 मार्च से शुरू किया गया था। पैसेंजर ट्रेन के संचालन बहाल होने के साथ इसकी लेट लतीफे भी शुरू हो गई। शाहजहांपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन दो घंटे से लेकर तीन घंटे तक विलंब से चल रही है। ऐसे में इस ट्रेन से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।हरदोई से बालामऊ, संडीला, लखनऊ जाने वाले रेल यात्री अपने निर्धारित समय से दो से तीन घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंच रहे हैं। रेल यात्रियों की मांग है कि हरदोई से होकर जाने वाली शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को वरीयता के साथ चलाया जाए। रेल यात्रियों ने कहा कि यदि यह ट्रेन ऐसे ही घंटों की देरी से संचालित होगी तो इसमें रेल यात्रियों की संख्या दिन पर दिन घट जाएगी। रेल यात्रियों ने कहा कि अभी शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर का लखनऊ पहुंचने का समय 11 बजे के करीब है। लेकिन तीन घंटे की देरी से चलने के कारण यह ट्रेन दोपहर में पहुंचती है जिसके चलते लखनऊ में यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में काफी समस्या होती है और उनके कार्य भी विलंब हो जाते हैं। यात्रियों की मांग है कि शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर को निर्धारित समय से संचालित किया जाए। पैसेंजर के निर्धारित समय से संचालित होने से लखनऊ जाने वाले दैनिक यात्रियों व आम रेल यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

# घर में घुसे चोरों ने युवक पर चाकू से किया हमला

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** घर में चोरी के इरादे से घुसे चोरों ने शोर शरावा होने पर उठ गए। ऐसे में चोर का पीछा करने पर चोर ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज सीएचसी में इलाज कराया गया। अभी एक सप्ताह पूर्व चोरों ने इसी गांव के तीन घरों से लाखों की चोरी का थी, अब गांव में चोरियों से दहशत का माहौल है।

रविवार को तेंदुआ गांव निवासी राकेश वर्मा के घर में चोरों ने चोरी का प्रयास किया। शोर आवाज सुनकर घर के सदस्य उठ गए। राकेश वर्मा ने बताया कि छत पर दो चोर और दो चोर घर के हात्थे में खड़ी कार का कवर खोलने की जुगत में थे। तभी भतीजे संतोष ने चोरों को काफ़ी दूर तक दौड़ाया तो चोर ने चाकू से हमला कर दिया। चोर के हमले में संतोष घायल हो गया। घटना की सूचना पर रात में पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच पड़ता की। इस संबंध में कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि चोरी की कोशिश में पकड़ने पर युवक पर हमला किया है। अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।



## एक नजर

### आज होगा समस्याओं का निस्तारण

**सीतापुर, अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी परिवाद ने बताया कि लखनऊ मण्डल के जनपदों के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, जल निकासी, दैवीय आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा, भूमि विवाद विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के निराकरण के लिए जनपद कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पांच मार्च को सुबह 10 से अपरान्ह दो बजे तक मण्डलीय जनता दर्शन आयोजित किया जायेगा। जिसमें आम जनमानस अपनी समस्या के संबंध में उपस्थित होकर प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसका जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा त्वरित निस्तारण किया जायेगा।

### साइकिल से टकराई बाइक, तीन घायल

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर-हरगांव मार्ग ग्राम नवीनगर राजा साहब कोठी के निकट साइकिलसवार को मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सोमवार को लहरपुर-हरगांव मार्ग पर राजा साहब कोठी के निकट हरगांव की तरफ से आ रहे साइकिल सवार सोबरन पुत्र बलदेव 60 वर्ष निवासी प्रीतपुर नकुरी थाना हरगांव को मोटरसाइकिल सवार मोनिस अली पुत्र जाबिर अली 20 वर्ष, निजामुद्दीन पुत्र रहीम बक्स 60 वर्ष निवासीगण ग्राम उदनापुर थाना हरगांव ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई, मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### आरसीसी पिलर बनाकर जलनिकासी रोक रहा दबंग

**सिधौली।** मोहल्ला प्रेमनगर निवासी मो. हाशिम, निजामुद्दीन, जियाउद्दीन, मोहम्मद सगीर, हाफिज इफ्तिखार, मोहम्मद फहीम, डॉ. आरिफ, अमीनुद्दीन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सुएब और मास्टर जगदीश आदि ने उपजिलाधिकारी, सिधौली और अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत सिधौली को दिए गए प्रार्थनापत्रों में बताया है कि मोहल्ला प्रेमनगर (दक्षिणी) में इन्द्रप्रस्थ मैरिज हाल के सामने वाली गली में उनके मकान बने हैं। उसी गली में विपक्षी रफ्फू पुत्र मुन्ने अली का भी मकान है। विपक्षी गली से ट्राली आदि निकलने से रोकने के लिए सार्वजनिक नाली में आर0सी0सी0 का पिलर बना रहा है। गौरतलब है कि रफ्फू उपरोक्त ने एक पिलर नाली में पहले से बना रखा है और अब दूसरा पिलर बना रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विपक्षी द्वारा बनाया जा रहा पिलर अनावश्यक है और केवल लोगों का निकास रोकने के लिए बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गली में टीन डालकर भी उसने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे लोगों को अपने वाहन आदि निकालने में दिक्कत होती है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह आज

**पैंतेपुर।** अंजुमन इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आज होगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रफीउल्लाह अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल रहेंगे।

# कैप्टन मनोज पांडेय के नाम से जाना जायेगा मार्ग

**सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के बिसवां-सिधौली-मिश्रिख मार्ग को अब परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नाम से मंजूरी दे दी है। जिसके बाद कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि कारगिल युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय ने सीतापुर की माटी में जन्म लिया है। उनके नाम से मार्ग का नाम रखा जाना उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि है।



सुरेश राही, कारागार राज्यमंत्री।

राज्यमंत्री ने बताया कि 66 किलोमीटर लंबा यह मार्ग लोक निमार्ण विभाग के अधीन आता है। उन्होंने बताया कि कसमंडा ब्लॉक के रूढ़ा गांव में 25 जून 1975 को जन्मे कैप्टन मनोज पांडेय ने कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों को मार गिराया था। पाकिस्तान के कब्जे में चोटी को मुक्त कराकर शान से तिरंगा लहराया था।

# 50 करोड़ की लागत से बनेगा 400 बेड का जिला अस्पताल

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला अस्पताल का नया भवन 50 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। भवन को बनाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को दी गई है। एक सप्ताह के अंदर पीडब्ल्यूडी जमीन का सर्वे करके आंकणन तैयार करेगा। उसके बाद निर्माण की कवायद शुरू हो जाएगी।

बताते चलें कि जिला अस्पताल वर्ष 1886 में बने पुराने भवन में संचालित है। यहां पर प्रतिदिन औसतन दो से ढाई हजार मरीज उपचार के लिए आते हैं। लेकिन पुरानी इमारत के चलते मरीजों को दिक्कतें आ रही हैं। अगस्त 2023 में जिला प्रशासन ने सिविल लाइन इलाके में करीब 13 बीघा जमीन कब्जा मुक्त कराई थी।

**4.65**

**करोड़ रुपये से तैयार होगी 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट**

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तत्परता दिखाते हुए जमीन को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर कर दिया था। उसके बाद जिला अस्पताल की फाइल शासन को भेज दी गई थी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था चयनित करने की बात कही थी। अब लोक निर्माण विभाग को भवन बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

अब पीडब्ल्यूडी स्थलीय सर्वेक्षण, तकनीकी परीक्षण, संरचना परिकल्पना व ड्राइंग बनाएगा। उसके बाद बजट जारी कर भवन निर्माण की कवायद शुरू होगी। इस समय जिला अस्पताल में 270 बेड हैं। जुलाई से नवंबर के बीच जब डेंगू व मलेरिया का प्रकोप फैलता है तो यहां पर बेड का संकट खड़ा हो जाता है। मरीजों को बेंच और फर्श पर लिटाकर इलाज करना पड़ता है। जिला अस्पताल का भवन 400 बेड का होगा। इसके संचालन के बाद यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

> पीडब्ल्यूडी विभाग को जिला अस्पताल का नया भवन बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही जमीन का सर्वे होकर भवन निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए जमीन का सर्वे पूरा हो गया है। जल्द काम शुरू होगा।
>
> -डॉ. हरपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी





जिला अस्पताल के लिए आवंटित की गई जमीन। अमृत विचार

**उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को जिम्मेदारी**

इसके अलावा यहां पर 2700 वर्गमीटर पर 4.65 करोड़ रुपये से 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट भी बनेगी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। तीन माह में यह यूनिट बनकर तैयार हो जाएगी। क्रिटिकल केयर यूनिट बनने से गंभीर मरीजों को गैर जनपद नहीं जाना पड़ेगा। इस यूनिट में हृदय रोग, सांस, हेड इंजरी, चोट, सर्जरी सहित अन्य गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा। यूनिट में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन, पोर्टेबल सोनोग्राफी वेंटिलेंटर सहित कई सुविधाएं होंगी।

# जिलाधिकारी ने महिलाओं व बच्चों से जुड़े 26 प्रकरणों का किया निस्तारण

## रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना अंतर्गत बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना अंतर्गत पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत, सामूहिक बलात्कार, दहेज हत्या प्रकरणों के अंतर्गत पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति स्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 26 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन, वरिष्ठ कोषाधिकारी, एलडीएम अनल कुमार, जिला प्रॉबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट सभागार में प्रकरणों का निस्तारण करते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

### डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में व्यय अनुवेक्षण टेक्निकल टीम को प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया। जिसमें उड़न दस्ता टीम (एफएसटी), स्थायी निगरानी टीम (एसएसटी), वीडियो सर्विलास टीम (वीएसटी), वीडियो अवलोकन टीम (वीवीटी) आदि टीम के अधिकारी व कर्मचारी ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर जनपद के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। निर्वाचन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन से संबंधित विभिन्न ऐप के संचालन को बताया गया। निर्वाचन में अवरोध उत्पन्न करने वाले परिवहन, वस्तुओं का ट्रांसपोर्टेशन, ड्रग विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग आदि के दायित्व के बारे में भी चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि हर एक केस का क्या फॉरमेट है, क्या विवरण अंकित करना है आदि का प्रशिक्षण दिया गया, संदेहास्पद वस्तुओं को पकड़ने व सीज करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैंक खातों पर निगरानी कैसी की जाएगी, सतर्कता कैसे रखी जायेगी आदि पर जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचन के दौरान आने वाली चुनौतियों व सन्देह को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया।

सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के कर्तव्यों व जवाबदेही को प्रशिक्षण के माध्यम से निश्चित किया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी लक्ष्मी कान्त, एलडीएम अनल कुमार, व्यय अनुवेक्षण समिति के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्योहार मनाने में समस्या होने पर प्रशासन को करें सूचित

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने व सकुशल त्योहारों को बिताने के लिए उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। आने वाली शिवरात्रि,होली और रमजान के चलते इस अहम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान एसएचओ अनिल सिंह ने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए आपसी एकता बनाए रखने की अपील सभी से की। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने सभी से बेहतर ढंग व अनुशासित ढंग से त्योहार मनाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सकुशल त्योहार मनाने की जिम्मेदारी सभी की है और सभी को किसी भी प्रकार की समस्या या रुकावट के महसूस होने पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराना चाहिए। जिससे उस समस्या का वही पर हल कर दिया जाएगा। इस मौके पर पैंतेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी उरूज आलम, चक्र सुदर्शन पांडे, वसी अहमद, श्रवण, राम लखन गौतम, शशि बिंदु यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### युवाओं के दम पर लोकसभा चुनाव जीतेगी भाजपा



मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक। अमृत विचार

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** सेउता क्षेत्र में सोमवार को श्री राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर में भाजयुमो मंडल सालपुर ने नमो युवा चैपाल का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी ज्ञानेश शुक्ल ने किया। ज्ञानेश शुक्ल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा युवाओं के दम पर 400 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश परिषद सदस्य भाजपा कृष्ण कुमार त्रिवेदी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश मिश्र, जिला मंत्री भाजयुमो दीपक मिश्र, भाजयुमो सालपुर मंडल अध्यक्ष पावन मिश्र ,जयनारायण मिश्र, अशोक गुप्ता, विकास श्रीवास्तव वेदप्रकाश, चंद्रशेखर, राजन शुक्ल सहित उपस्थित सैकड़ों की संख्या में युवा मौजूद रहे।

### सभी ग्राम पंचायत को पोर्टल पर कराया जाए ऑन बोर्ड

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत गठित जिलास्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपयुक्त उद्योग के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विषय में विस्तार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से आने वाले आवेदन पत्रों के विषय में जानकारी सभी सदस्यों को दी गई। उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से आने वाले आवेदन पत्रों का प्रथम स्तर पर सत्यापन होने के उपरांत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति द्वारा उन पर विचार किया जाना है और पात्र आवेदकों के आवेदनों को भारत सरकार के स्तर पर अग्रेषित किया जाना है। इस विषय में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी को प्रथम स्तर के सत्यापन का क्रॉस वेरिफिकेशन उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से करने के निर्देश दिये। सभी ग्राम प्रधानों को पोर्टल पर ऑन बोर्ड करने के लिए डीपीआरओ को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि दो दिवस में सभी ग्राम पंचायत को पोर्टल पर ऑन बोर्ड कराया जाए एवं आवेदनों का सत्यापन भी अतिशीघ्र सुनिश्चित कर लिया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, उद्यमी एवं प्रतिनिधि, अचिन मेहरोत्रा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### थाना प्रभारी ने निपटाया पांच वर्ष पुराना भूमि विवाद

**रामपुर मथुरा।** ग्राम पंचायत अटौरा निवासी अजमेर सिंह ने टिकठा निवासी गुरुलाल सिंह से 2018 में आठ बीघा जमींन दो लाख रूपये प्रति बीघा के हिसाब से तय किया था। बिक्रेता गुरुलाल के घर शादी थी जिससे रजिस्ट्री के पूर्व ही क्रेता से पैसो कि मांग किया क्रेता अजमेर सिंह ने 50 रु. के स्टाम्प पे लिखा पड़ी करके पूरा भुगतान 16 लाख रु. दे दिया। अजमेर सिंह ने बताया कि शादी के बाद जब गुरूलाल से बैनामा करने को कहा तो विक्रेता टालता रहा। संभ्रांत लोगो के समझाने के बाद भी नहीं माना तो परेशांन होकर 2020 उच्च अधिकारियो से शिकायत किया। समाधान न होने पर जनता दर्शन मे मुख्यमंत्री से भी न्याय की गुहार लगायी। जिससे तत्कालीन एसडीएम् मिथिलेश त्रिपाठी तथा तहसीलदार सुखवीर सिंह ने भी कई बार दोनों पक्षों के मध्य समझौता करवाने का प्रयास किया, फिर भी कोई हल नहीं निकला। बैंक मे कर्ज बढ़ रहा था जिससे तंग आकर परिवार सहित आत्महत्या करना चाहा। जिसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक महेश चन्द्र पाण्डेय को हुयी तो प्रभारी निरीक्षक मेरे घर आए और पूरे परिवार को समझाया व न्याय दिलाने का पूर्ण आश्वासन भी दिया। निस्वार्थ भाव से दोनों पक्षों से बार-बार अलग-अलग मिलकर समझाने का प्रयास किया। अंत में प्रभारी निरीक्षक ने दोनों पक्षों को एक साथ बिठाकर आपसी समझौता करवाकर जमींन का बैनामा भी करवा दिया।

# नियम विरुद्ध चल रहे अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर सीज

महमूदाबाद, सीतापुर

**»» एसडीएम व सीएचसी अधीक्षक ने प्राइवेट अस्पतालों पर की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** सोमवार की सुबह एसडीएम व सीएचसी अधीक्षक आशीष वर्मा ने प्राइवेट अस्पतालों की आकस्मिक जांच की। आवश्यक दस्तावेज न मिलने पर कार्यवाही भी की गई। सबसे पहले उपजिलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीम सिधौली रोड स्थित लखनऊ हॉस्पिटल पहुंची जहां पर जांच टीम ने पाया कि अस्पताल तो रजिस्टर्ड था मगर संस्था में डॉक्टर अनुपस्थित थे। हालांकि एक आयुष डॉक्टर मिले। जांच में पाया गया कि अस्पताल में गर्भाशय का ऑपरेशन, बच्चों की डिलीवरी व अबॉर्शन का काम किया जा रहा था।

नियमों की अनदेखी की वजह से स्वास्थ्य विभाग टीम ने मरीज को सीएचसी में शिफ्ट करने के साथ-साथ अस्पताल को सीज कर दिया। इसके तुरंत बाद एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग की टीम जीवक नर्सिंग होम पहुंची। अस्पताल में कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं मिले। साथ ही वहां बीए, एमए की डिग्री प्राप्त स्टाफ मरीजों का इलाज करता मिला। उपजिलाधिकारी व सीएचसी अधीक्षक ने जीवक नर्सिंग होम को भी सीज कर दिया। कार्यवाही के तुरंत बाद टीम ए वन पैथोलॉजी पहुंची। पैथोलॉजी में न तो डॉक्टर मिले, न टेक्नीशियन और न ही रेडियोलॉजिस्ट। जांच में टीम ने पाया की वहां कुछ अल्ट्रासाउंड भी हो चुके थे। एसडीएम शिखा शुक्ला ने मौके पर ही पैथोलॉजी को सीज कर दिया। इसके बाद टीम न्यू नेशनल हॉस्पिटल पहुंची जहां पर टीम ने पाया कि ओटी, आईसीयू व एनआईसीयू नियमों की अनदेखी में चल रहा था। जिसके चलते अस्पताल के आईसीयू व एनआईसीयू को बंद करवा दिया गया। फिर टीम इंडियन हॉस्पिटल पहुंची जहां पर कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। साथ ही डिलीवरी का एक केस भी पकड़ा गया।

इसी क्रम में टीम समाधान पैथालॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर पहुंची, जहां सब कुछ नियमों के अनुसार पाया गया। हालांकि अधिकारियों ने साफ सफाई व उचित पार्किंग के लिए संस्था को निर्देश दिये। अंत में टीम न्यू इंडियन हॉस्पिटल पहुंची, जहां अस्पताल बिना चिकित्सक व बिना रजिस्ट्रेशन के चलता मिला। इसके बावजूद भी अस्पताल में डिलीवरी का केस मिला और मरीज मौजूद मिले। स्वास्थ विभाग की टीम ने अस्पताल के मरीजों को सीएचसी में शिफ्ट कर दिया। बाद में अस्पताल को सीज कर दिया गया।

**मानकविहीन अस्पतालों पर होती रहेगी कार्रवाई**

एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि आगे भी गैर मानकों के साथ संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई होती रहेंगी।



प्राइवेट अस्पताल में जांच करतीं एसडीएम शिखा शुक्ला व सीएचसी अधीक्षक। अमृत विचार

## श्रद्धा

**महाशिवरात्रि पर 165 सामूहिक रुद्राभिषेक का किया जाएगा आयोजन**

# कमलापुर में धूमधाम से निकली कलश यात्रा

कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** विकास खण्ड कसमंडा के छत्रपालबाबा धाम में आयोजित श्री रुद्रमहायज्ञ एवं भक्ति ज्ञान सम्मेलन के 17वें आयोजन के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा निकली गयी। मंगल कलश शोभायात्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से होते हुए रामघाट से जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पहुंची। जहां पर विधिविधान से भक्ति ज्ञान सम्मेलन शुरू हुआ।

छत्रपाल बाबा धाम में प्रारंभ हुआ सप्त दिवसीय सप्तदशम रुद्र महायज्ञ एवं भक्ति ज्ञान सम्मेलन में आचार्य ओपी तिवारी, पारसनाथ पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा छत्रपाल बाबा धाम से शुरू होकर ठठूरा स्थित अति पावन उत्तर दिशा को प्रवाहित स्थान रामघाट पहुंची जहां से यजमान सुशील मिश्र एवं आशा मिश्रा सहित सौभाग्यवती महिलाओं एवं लड़कियों ने कलश में जल भरकर एवं पूजा अर्चन के साथ पुनः छत्रपाल बाबा धाम स्थान पर पहुंच कर कलशों को यज्ञशाला में स्थापित किया। यज्ञाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने बताया कि सम्मेलन में संतों महंतों के प्रवचन के साथ महाशिवरात्रि पर एक सौ पैंसठ सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा आज रात में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। अवधेश मिश्र, सुधा मिश्रा, सुधीर मिश्र, ललित मोहन, नेवल रावत, राजकुमार यादव, नरेन्द्र रावत, नीरज यादव, निधी मिश्र, शिखा, महेश्वरी, नीलम व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



कलश यात्रा निकालती महिलाएं। अमृत विचार

## धुंधकारी गोकर्ण की कथा सुनकर भावविभोर हुये श्रोता

**पिसावां।** बिचपरिया गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथा वाचक कपिल ने गौकर्ण और धुंधकारी की कथा का रसपान कराते हुये बताया कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक व्यक्ति रहता था। उसकी पत्नी का नाम धुंधुली था। संतान न होने के कारण वह पति परेशान रहता था। एक बार आत्महत्या के लिए कुआं में कूदने वाला था तभी एक ऋषि ने उसे बचा लिया। तब आत्मदेव ने कहा ऋषिवर मेरे एक भी संतान नहीं है। इसके अलावा मैंने गाय पाल रखी है। गाय के भी संतान नहीं है। इस कारण आत्महत्या करने का कदम उठाया। यह सुनकर ऋषि ने अपने थैले से फल निकालकर कहा कि तुम यह फल अपनी पत्नी को खिला देना, इससे एक संतान की प्राप्ति होगी। घर जाकर आत्मदेव ने फल अपनी पत्नी को दिया, लेकिन उसने फल को नहीं खाया। एक दिन उसकी बहन ने कहा मैं गर्भवती हूं। प्रसव होने पर बच्चा तुम्हें दे दूंगी। तुम ये फल गाय को खिला दो। आत्मदेव की पत्नी ने अपनी बहन की बात में आकर फल गाय को खिला दिया।

# मांगों को लेकर आशाओं का धरना जारी




सीएचसी सांडा में धरना प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी आशा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर शुक्रवार से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठी हुई हैं।

धरने पर बैठी आशाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्री ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देते हुए स्थाई किया जाए। प्रतिमाह आशा को 18 हजार और संगिनी को 24 हजार रुपए निश्चित मानदेय दिया जाय तथा सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा कवर सुनिश्चित किया जाय। जब वह ग्रामीण क्षेत्र से सुरक्षित प्रसव के लिए महिलाओं को अस्पताल लाती हैं। अस्पताल में उनके रुकने की कोई व्यवस्था नहीं होती जिससे उन्हें परेशान होना पड़ता है। अस्पताल में उनके रुकने की समुचित व्यवस्था की जाए। संगठन की अध्यक्ष कमलेश सिंह के साथ राम रानी, प्राची रूबी देवी, प्रेमावती, शिवलता, गीता देवी, विद्यावती, गुड्डी देवी, मिथिलेश कुमारी, शर्मा देवी, ममता देवी, सुशीला देवी, जय देवी आदि बड़ी संख्या में आशा मौजूद रही।

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

# किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

## प्रसंगवश

# न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

# हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

## सोशल फोरम

# अपनी मिट्टी का संगीतकार



जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

# और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

# सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# बीडीसी सदस्यों ने पेश कीं अपनी कार्ययोजनाएं

▸▸ कसमंडा ब्लॉक परिसर में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

कमलापुर सीतापुर




कार्ययोजना को लेकर हुई बैठक में मौजूद ब्लॉक प्रमुख, विधायक व अन्य।

**अमृत विचार।** कार्य योजना 2024-25 को लेकर ब्लाक कसमण्डा परिसर सभागार में सोमवार को ब्लाक प्रमुख कसमण्डा मुन्नी देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 72 क्षेत्र पंचायत सदस्य, दो जिला पंचायत सदस्य व 40 प्रधानों ने भाग लिया।

बैठक में पहुंचे विधायक बिसवां का ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी, बीडीओ कसमण्डा प्रशान्त कुमार शुक्ला ने बुके देकर स्वागत किया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की कार्ययोजनाएं प्रमुख को सौंपी। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। बैठक की सुरक्षा व्यवस्था में कमलापुर थाने का पुलिस मौजूद रहा। बैठक में एडिओ समाज कल्याण प्रेमचंद्र ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, प्रेमदीप जायसवाल, सचिव नीतू वर्मा, अंशिका वर्मा, वन्दना भारती, विवेक कुमार, अभय प्रताप दीपक, एपीओ मनरेगा चन्द्रप्रकाश, प्रधान सूफियान खान, देशराज यादव, श्रीकृष्ण रावत, मोहम्मद आमिर, विमल भार्गव, अरविंद पाण्डेय, अनुराग जायसवाल, रवी प्रकाश सिंह, अनुज पाण्डेय, उमंग जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## कक्षा की दीवारों में पड़ गईं दरारें, बैठने से कतरा रहे विद्यार्थी

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** राजकीय वित्त पोषित रामलीला जूनियर हाईस्कूल विद्यालय का भवन जर्जर होने की स्थिति में है जिससे विद्यार्थियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश बहादुर सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य विभागीय उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग की है। करबा पैंतेपुर स्थित रामलीला जूनियर हाईस्कूल में प्रथम क्लास से लेकर कक्षा 8 तक अध्यनरत विद्यार्थियों की संख्या 147 है। विद्यालय के दो कमरों की स्थिति अत्यंत जर्जर है, कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि संपूर्ण विद्यालय भवन में तीन कमरे बहुत जर्जर स्थिति में है। दीवारों में दरारें पड़ गई है। विद्यार्थी कमरों में बैठने से कतराते है। जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग की हैं।

## अयोध्या में बनेगा एमपी भवन व विक्रमादित्य घाट

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन और विक्रमादित्य के नाम से घाट का निर्माण मध्य प्रदेश सरकार कराएगी। इसकी घोषणा सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला के दर्शन के बाद की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी कैबिनेट के 63 सदस्यों के साथ सोमवार दोपहर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। सांसद लल्लू सिंह और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया। तीन ई-बस में सवार होकर सभी मंत्री राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला के दर्शन किया। यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद ऐसा मौका मिलता है जब अयोध्या आने का सौभाग्य प्राप्त होता है।



दर्शन के पश्चात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व कैबिनेट के सदस्य।

## मतदाताओं को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा कराएं मतदान

महमूदाबाद, सीतापुर

▸▸ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता

**अमृत विचार।** नगर के रामपुर मथुरा रोड स्थित बेचू लॉन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महमूदाबाद विधानसभा की चुनाव संचालन समिति व कोर कमेटी की बैठक लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी एवं लोकसभा संयोजक अजय गुप्ता अध्यक्षता में संपन्न हुई।

लोकसभा प्रभारी व संयोजक के द्वारा विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यों का परिचय लिया गया एवं समिति के सभी सदस्यों को उनके दायित्वों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राजेश वर्मा की भारी बहुमत से जीत होगी। जिसके लिए हम सबको बूथ और पन्ना प्रमुखों तक पहुंचना है। मतदाता को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा पार्टी के पक्ष में मतदान करवाना है। बैठक में विधानसभा चुनाव प्रभारी नीरज वर्मा व विधानसभा चुनाव संयोजक चन्द्रभूषण शुक्ला एवं संगठन का काम देख रहे जिला मंत्री सुधीर सिंह, विधानसभा मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह, विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, रमाशंकर, सर्वेन्द्र विक्रम सिंह, कमलेश, अजय, सीपी तिवारी, सीपी निगम ,रामकुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत म्योढी छोलहा, विकास खण्ड- रेउसा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/निविदा पत्रा0/मनरेगा/2023–24 दिनांक 05/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से पंचम वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा निम्न कार्य कराने हेतु क्षेत्र के ईट भट्ठा स्वामियों तथा अन्य सामग्री विक्रेताओं से निम्न विवरण के अनुसार निर्माण व आपूर्ति हेतु दिनांक 05/03/2024 को सायं 5 बजे तक दरें/ निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिन .... से दिनांक 08/03/2024 तक किसी भी कार्यदिवस् में पूर्वान्ह 11.00 बजे अपरान्ह 01.00 निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके सचिव ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाता भट्ठा स्वामियों/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक ..... की सायं तक ग्राम पंचायत प्रधान अथवा सचिव के पास व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती है। निविदाए दिनांक 08/03/2024 को ग्रा0पं0 कार्यालय में पूर्वान्ह 11.30 बजे निविदादाताओं उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण, पैन कार्ड, तथा 10 स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना होगा। सामग्री की दरों में लदाई, उतराई व ढुलाई भाड़ा तथा आयकर एवं व्यापारकर सहित सामिल होगा। बिना बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा को होगा। कार्य के लिए अलग–अलग निविदा फार्म भरना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | सामग्री की अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– | उच्च प्राथमिक विद्यालय म्योढ़ी छोलहा में शौचालय निर्माण कार्य। | 261600/– | 214725.00 | 200 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेण्डर में स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का 02 प्रतिशत जमानत/धरोहर की धनराशि का एनएससी/एफडीआर जो प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी म्योढ़ी छोलहा के पक्ष में बंधक होगा, जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा

## तीन वर्षों तक लटकाया जाता है 90 प्रतिशत जीपीएफ भुगतान

**सीतापुर, अमृत विचार।** सेवा निवृत्त राज्य कर्मचारी संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उप्र के बैनर तले मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कार्यालय जिला अधिकारी के माध्यम से पांच सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में 30 जून तथा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक एक्रीमेन्ट से वंचित किया जाता है, जबकि उनकी एक वर्षीय सेवाएं पूर्ण हो जाती हैं और जुलाई के वेतन में एक्रीमेन्ट दिया जाता है, लेकिन परन्तु जुलाई में वेतन के स्थान पर पेन्शन मिलने के कारण सेवा निवृत्त कर्मचारियों को वंचित कर दिया जाता है। इस ज्ञापन में प्रमुख मांग को पूरा करने के लिए सभी संवर्ग के कर्मचारी संगठनों द्वारा एक स्वर में एक बैनर तले मांग की गई की सुप्रीम कोर्ट के आदेश होने के वावजूद अभी तक नहीं दिया गया है। जिसे पूरा किया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी गन्ना विभाग सहित कई अन्य विभागों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति शासनादेश के वावजूद सेवा निवृत्त कर्मचारियों को महीनों दौड़ाया जाता है परेशान होकर पटल सहायकों का आदेश मानना पड़ता है। सेवानिवृत्त पश्चात 90 प्रतिशत प्रतिशत जीपीएफ भुगतान तीन तीन वर्षों तक लटकाया जाता है। समय से न मिलने पर कर्मचारियों को अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने में कर्ज तक लेना पड़ता है। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज लगभग 250 की संख्या में आयें हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपना मांग पत्र सौंपा। आज प्रमुख वी एन दीक्षित संयोजक राम सिंह यादव मंत्री चन्द्र भान सक्सेना नवल किशोर मिश्रा केके तिवारी मधुर मंगल मिश्रा पान्डे आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद, सीतापुर**

पत्रांक :– 535/ई0टेण्डर/2023–24/न0पा0परि0मह0 दिनांक :– 04.03.2024

**ई–टेण्डर सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149 सा/2019 के अनुपालन में समस्त ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में 15वां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से कराये जानें वाले निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 03.02.2024 समय 01.00 PM बजे से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेब साइट etender.up.nic.in पर दिनांक 05.03.2024 समय 01.00 PM से दिनांक 11.03.2024 समय 04.00 PM तक अपलोड की जा सकती है, निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के खाता संख्या 27351450000011 आई0एफ0एस0सी0 कोड–HDFC0002735 HDFC Bank महमूदाबाद में जमा करके प्राप्ति की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, प्राप्त ई–निविदाओं के सम्बंध में टेक्निकल बिड्स दिनांक 12.03.2024 समय 04.00 PM तक खोली जायेगी एवं टेक्निकल बिड्स खोले जाने के उपरान्त फाइनेन्सियल बिड्स खोली जायेंगी, ई निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद जनपद सीतापुर में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है, यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्यदिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | वेब–साइट पर ई निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 05.03.2024 | 11.00 AM |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 05.03.2024 | 01.00 PM |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 11.03.2024 | 04.00 PM |
| 4 | ई–निविदा की टेक्निकल बिड्स खोले जानें की तिथि व समय | 12.03.2024 | 04.00 PM |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 15वां वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट | | | | |
| 1 | वार्ड नम्बर 14 अमीरगंज में बाल्मीकि मन्दिर के आगे सरवर के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 19.24 | 163104.00 | 2270.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नम्बर 12 नई बाजार उत्तरी शराब ठेका रोड पर कययूम किराना की दुकान मोड पर स्थित पुलिया से वर्मा मेडिकल स्टोर होते हुए जाबिर होटल तक नाली एवं पुलिया क्रास का निर्माण कार्य। | 13.23 | 112171.00 | 1561.00 | 2 माह |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. निविदा के साथ 10 (दस) प्रतिशत धरोहर / जमानत धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के पदनाम से बन्धक कर मूल रुप से संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, कार्य स्वीकृत होनें के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदा की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद को बिना कोई कारण बताये एवं नोटिस दिये बिना एक या समस्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निहित होगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग टेण्डर की धनराशि बैंक में जमा की जायेगी।
4. निविदादाता को शासनादेश संख्या–एक/706/कम्प्यू0सेल0/2019 लखनऊ दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के अनुसार ठेकेदारी कार्य हेतु पंजीकरण एवं नवीनीकरण अनिवार्य है।
5. निविदा दाता निकाय द्वारा उपलब्ध कराये अदतन अदेय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना अदेय प्रमाण–पत्र के निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।
6. निविदा दाता को अपनी निविदा के साथ टी–4, टी–5 तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जो मोबाइल नम्बर से लिंक हो एवं श्रम विभाग से श्रमिकों का पंजीयन प्रमाण पत्र नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों / प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदादाता को अयोग्य समझा जायेगा एवं उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि फर्जी/ गलत दस्तावेजों की जानकारी अनुबन्ध गठन के पश्चात होती है तो अनुबन्ध उसी समय निरस्त करते हुए दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जायेगा तथा अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया या उसके उपरान्त यदि यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असमाजिक कार्यो एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा एवं दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जायेगा। निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का शपथ पत्र (टी–6) देना होगा।
8. नगर निकाय, नगर पंचायत, जलनिगम से जलनिकासी कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा में सम्मिलित कार्यो की अवधि में तर्कसंगत आधार होने पर नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
10. कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल से अथवा जमा धनराशि से की जायेगी यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500/– प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है।
11. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।
12. यह कि निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा किये जानें के पश्चात ही निविदा स्वीकृत की जायेगी, जमानत धनराशि की वापसी कार्य सन्तोषजनक स्थित में बने रहने की दशा में एक वर्ष के पश्चात तकनीकी अधिकारी की आख्या के पश्चात वापस की जा सकेगी। उक्त अवधि में निर्माण कार्य में किसी प्रकार की खराबी आने की दशा में ठेकेदार को स्वयं अपनें व्यय पर ठीक कराना होगा।
13. किसी विवाद की दशा में सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा तथा कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य न करने पर जमानत धनराशि जा कर ली जायेगी।
14. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा। नियमानुसार स्टाम्प पर भुगतान से पूर्व अनुबन्ध सम्पन्न कराया जाना अनिवार्य है।
15. शासनादेश सं0 609/नौ–9–2007–249ज/06 दिनांक 26.02.2007 के अनुसार राज्य बार कौंसिल में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी में प्रतिभाग करने का अधिकार न होगा।
16. यह कि निविदा मूल्य G.S.T. सहित की धनराशि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के खाता संख्या HDFC BANK Mahmudabad के चालू खाता संख्या 27351450000011 IFSC Code- HDFC0002735 में सीधे जमा करें, तथा जमा पुष्टि की रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. निविदा के साथ संलग्न 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि की मूल प्रति तथा निविदा क्रय की रसीद, समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आदि वांछित अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि तक कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
18. 10 प्रतिशत से कम तक की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि Extra Performance Guarantee जमा करनी होगी। 10 प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशत की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारंटी ली जायेगी।
19. ठेकेदार को निर्धारित समय में आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना होगा। पूर्ण कार्य होने पर पालिका में धन उपलब्ध होने की दशा में नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पालिका में धन न होने पर ठेकेदार भुगतान हेतु धन की मांग / मा0 न्यायालय की शरण में नही जायेगा।
20. दिनांक 01.07.2017 से उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी।
21. किसी भी शर्त का उल्लघन करने पर निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।
22. कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड कार्य प्रारम्भ होनें से पूर्व लगाना अनिवार्य होगा।
23. निविदा दाता को निविदा स्वीकृत होनें के पश्चात निर्धारित 100 रुपये के स्टाम्प के साथ नोटरी भी देनी होगी।

(श्री शैलेन्द्र कुमार दुबे)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद महमूदाबाद
सीतापुर

(मो0 अहमद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद महमूदाबाद
सीतापुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद, सीतापुर**

पत्रांक : 534/नि0सू0/2023–24/न0पा0परि0मह0 दिनांक – 04.03.2024

**निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019के अनुपालन में समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15 वां वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट एवं 15 वां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट की धनराशि के अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कार्य करानें हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 12.03.204 को समय 11.00 AM से बजे से अपरान्ह से 3.00 PM अपरान्ह बजे तक नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के कार्यालय एवं श्रीमान जिलाधिकारी महोदय सीतापुर के स्थानीय निकाय लिपिक के कक्ष में रखे गये सीलबन्द बाक्स में आमांत्रित की जाती है, टेण्डर फार्म निर्धारित शुल्क नगद जमा कर दिनांक 11.03.2024 को समय 11.00 AM बजे प्रात: 3.00 PM बजे अपरान्ह तक नगर पालिका परिषद महमूदाबाद से प्राप्त कर सकतें है 5.00 लाख से कम लागत के टेण्डर दिनांक 12.03.2024 को 3.30 बजे अपरान्ह को अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के समक्ष ठेकेदारों की उपस्थित में खोले जायेगें तथा 05.00 लाख से अधिक के टेण्डर दिनांक 12.03.2024 को समय 04.30 बजे अपरान्ह में प्रभारी अधिकारी/नगर मजिस्टेट महोदय, सीतापुर के समक्ष ठेकेदारों की उपस्थिति में खोलें जावेगें टेण्डर के साथ 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर एफ0 डी0 आर0/एन0/एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा बिना कारण बताए टेण्डर निरस्त करनें का अधिकार पालिका प्रशासन को होगा, कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यदिवास में कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद से प्राप्त कर सकतें है । निविदा दिवस में यदि अवकाश पडता है तो निविदा अगले दिन खोली जायेगी ।

| क्रंम सं0 | प्रस्तावित कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) रू0में | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड नम्बर 05 पुरानी बाजार में अम्बेडकर पार्क के सामनें गिरधारी के मकान से गौहर के मकान तक कर्वड नाला निर्माण कार्य। | 6.70 | 56821.00 | 790.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नम्बर 15 कैथी टोला में मो0 खुदागंज में सिराज के मकान से मोहसिन के मकान तक कर्वड नाला निर्माण कार्य। | 9.78 | 82880.00 | 1154.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड नम्बर 17 नूरपुर दक्षिणी में मेन बाजार के आगे जमील के मकान से अली हुसैन सलमानी मकान तक दोनों तरफ 31 मी0+27मी0 अली हुसैन के मकान से मेंहदी हसन के मकान तक दोनों तरफ 27 मी0 +27 मी0 मेंहदी हसन के मकान से सगीर नददाफ के मकान तक 19 मी0 नाला निर्माण कार्य। | 9.55 | 80938.00 | 1130.00 | 2 माह |
| 4 | मो0 शहजानी एशिया कालोनी मे राज कुमार वर्मा के मकान के सामनें नाला कवरिंग निर्माण कार्य। | 1.00 | 8145.00 | 118.00 | 2 माह |
| 5 | वार्ड नम्बर 24 नूरपुर उत्तरी में सगीर नददाफ के मकान से अमित कुमार मौर्या के मकान होते हुए अखिरी निर्मित नालें तक नाला निर्माण कार्य। | 9.63 | 81609.00 | 1136.00 | 2 माह |
| 6 | वार्ड नम्बर 07 ठाकुरपुर में पैंतेपुर रोड पर श्यामदासपुर मोड से अषेश ईशान बाजपेई के काम्प्लेक्स होते हुए अतीक के प्लाट तक नाला निर्माण कार्य। | 2.95 | 24996.00 | 350.00 | 2 माह |
| 7 | वार्ड नम्बर 17 नूरपुर दक्षिणी में मेन बाजार के तीन तरफ बाम्बे कलेक्शन के सामनें इस्माइल होटल वाले के घर के आगे तक 27 मी0 रिजवान के मैकेनिक के घर से साबिर अली के मकान होते हुए जमील के घर तरफ 62 मी0 मुन्ना होटल से मरकज मस्जिद तक 29 मी0 आंशिक कवर्ड नाला निर्माण कार्य। | 9.70 | 82170.00 | 1150.00 | 2 माह |
| 8 | मो0 पैगम्बरपुर में मुबारक रजा के मकान से स्व0 रज्जन दरोगा के मकान पुलिया तक नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 1.59 | 13600.00 | 190.00 | 2 माह |
| | अनटाइड ग्रान्ट | | | | |
| 1 | मो0 बेलदारी टोला में साहिबे आलम के घर से सीबा के घर के आगे तक दोनों तरफ नाली, इन्टरलाक सडक का निर्माण कार्य। | 9.26 | 78486.00 | 1095.00 | 2 माह |

शर्ते

1. निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0 एस0 सी0/एफ0 डी0 आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद सीतापुर के पदनाम से बन्धक कर मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा कार्य स्वीकृत होनें के पश्चात एक सप्ताह के इकरार नामा कराना अनिवार्य होगा ।
2. निविदा सुस्पष्ट भरे जानें चाहियें ।
3. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत्त अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करनें का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद बाद में निहित होगा ।
4. हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र, पैन, कार्ड, जी0 एस0 टी0 प्रमाण पत्र पालिका का पजींकृत प्रमाण पत्र टेण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी 1
5. कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड कार्य प्रारम्भ होनें के पूर्व लगाना अनिवार्य होगा ।
6. निविदादाता को निविदा स्वीकृत होनें के पश्चात निर्धारित 100.00 रूपये के स्टाम्प के साथ नोटरी भी देनी होगी।
7. श्रम विभाग में श्रमिकों का पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति देना होगा ।

शैलेन्द्र कुमार दुबे
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
महमूदाबाद, सीतापुर

मो0 अहमद
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
महमूदाबाद, सीतापुर

# घर की दहलीज लांघकर खेल मैदान तक पहुंचीं महिलाएं

रमन पाण्डेय

- घूंघट ओढ़कर एक-दूसरे से कर रही हैं जोर आजमाइश
- सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हो रहा है आयोजन

**अमेठी, अमृत विचार।** केन्द्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जो महिलाएं घर मे रहकर खाना बनाने के अलावा घरेलू काम-काज में व्यस्त रहती थी आज वो महिलाएं घूंघट की ओट में घर की दहलीज लांघ कर मैदान तक पहुंच रही है और अलग-अलग खेलों में अपनी जोर आजमाइश कर रही है।

27 फरवरी से शुरू हुई इस प्रतियोगिता का समापन 8 मार्च को होगा। जिसके बाद सभी विधानसभाओं में विजयी महिला खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं को सौंदर्य किट प्रदान की जा रही हैं।

दरअसल अभी हाल ही में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसकी सफलता के बाद अमेठी में नवयुवतियों के साथ घरेलू कामकाजी महिलाओं के लिए सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 16 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए रस्साकसी, लंबी दौड़, रस्सी कूद जबकि 30 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिए रस्साकसी, 200 मीटर दौड़, तेज चाल, मटका फोड़, नींबू दौड़, मटका फोड़, बैलून दौड़ और कुर्सी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन जिले के करीब पांच दर्जन गांवों में किया जा रहा है।

29 फरवरी को प्रतियोगिता का आयोजन जामो ब्लॉक के गौरा, दखिनवारा, हरगांव, गोरियाबाद, हरदो, मवई, सरमें, रेसी और मयास न्याय पंचायत में किया गया। सोमवार को शाहगढ़ न्याय पंचायत में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर सभी ब्लॉकों में अलग-अलग प्रभारी बनाये गए है जिनकी देख-रेख में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी महिलाओं को एक मेकअप किट दिया जाएगा। जबकि प्रतियोगिता के समापन पर आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। अभी और भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में चालक की मौत, क्लीनर गंभीर

- ट्रक चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सुलतानपुर-रायबरेली मार्ग पर स्थित काजीपट्टी के पास सोमवार की सुबह दो ट्रकें आमने-सामने टकरा गई। जिसमें एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। जबकि उस पर मौजूद क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में दूसरी ट्रक के चालक व क्लीनर सुरक्षित बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल क्लीनर को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के गगहरा निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र सीताराम ट्रक लेकर मध्य प्रदेश के कबराई से गिट्टी लाने जा रहा था। जैसे ही गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के काजीपट्टी के करीब पहुंचा तभी सामने से आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर उसकी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में सुनील कुमार व उसके साथ मौजूद क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया।

दूसरी ट्रक के चालक व क्लीनर सुरक्षित बच गए और ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने सुनील कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं क्लीनर की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घायल क्लीनर की पहचान नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। दुर्घटना करने वाली ट्रक को कब्जे में लिया गया है। परिजनों के आने पर मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।

# गमछे से फंदा लगाकर युवक ने दी जान

संवाददाता, अमेठी

- पत्नी के विवाद कर मायके जाने से डिप्रेशन में चल रहा था युवक

**अमृत विचार।** जामो कोतवाली क्षेत्र के शिवनगर हरगांव निवासी एक युवक ने घर के कमरे में पंखे से गमछे के सहारे लटककर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जामो थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी उमेश प्रताप सिंह पुत्र दानबहादुर सिंह उम्र 28 रविवार की रात भोजन करने के बाद घर में अपने कमरे में सोने गया था।

सोमवार की सुबह जब वह काफी देर तक नहीं उठा तो परिजन उसे उठाने उसके कमरे में गए। अंदर से सिटकनी बंद होने और आवाज लगाने पर भी कमरे से कोई प्रतिक्रिया न होने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो कमरे में लगे पंखे से गंमछे के सहारे उमेश का शव लटक मिला। जिसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के मुताबिक विवाद के चलते युवक की पत्नी एक माह से मायके में रह रही थी। जिसके कारण युवक डिप्रेशन में चल रहा था।



खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ रानीगंज को ज्ञापन सौंपते बेसिक शिक्षक।

## शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, कहा सरकारी आईडी पर सिम उपलब्ध कराए विभाग

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को सभी ब्लाकों में प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने बीईओ के माध्यम से शिक्षा महानिदेशक को ज्ञापन भेजा। संडवा चंद्रिका ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने कहा कि विभाग जब तक उन्हें सरकारी आईडी पर सिम उपलब्ध नहीं कर देता वह टैबलेट का उपयोग नहीं करेगा। शिक्षकों ने मांग किया है कि उन्हें भी सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश तथा प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश तथा अर्ध चिकित्सी अवकाश दिए जाने की मांग की गई। चिकित्सकों का कहना है कि उनके समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश स्तर पर समिति का गठन किया गया था।

## फेस स्कैनिंग से पारदर्शी हो सकेगी मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बहुत से प्रयासों के बावजूद मनरेगा में श्रमिकों की हाजिरी में हो रहा खेल रुक नहीं पा रहा है। शासन ने इसके लिए अब और कठोर कदम उठाया है। अब सभी श्रमिकों की उनके कार्यस्थल पर ही फेस स्कैन से उपस्थिति ली जाएगी। इससे न केवल फर्जी उपस्थिति की शिकायतें दूर होंगी, बल्कि काम के घंटे का सही आकलन भी हो सकेगा। रोजाना श्रमिकों को मिलने वाले काम का सही आंकड़ा भी मिल सकेगा। जनपद की 1148 ग्राम पंचायतों में 17 हजार 445 मनरेगा मजदूर काम कर रहे हैं। इनसे भूमि का समलीकरण, इंटरलाकिंग, नाला एवं नाली का निर्माण, पार्क की साफ-सफाई आदि तरह के कार्य कराए जा रहे हैं। अभी तक तमाम गांवों में कागजों पर ही मनरेगा मजदूर काम कर रहे थे। आए दिन फर्जी तरीके से बिना काम कराए ही भुगतान होने की शिकायत आती रहती थी। न्यू मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम लागू होने के बाद भी जब फर्जीवाड़ा नहीं रुका तो शासन नई व्यवस्था लागू कर दी। इसमें अब स्वीकृत कार्यस्थल पर ही मनरेगा मजदूरों की मोबाइल पर ही फेस स्कैन के जरिये हाजिरी लगाई जाएगी। इससे श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज नहीं की जा सकेगी। योजना को पारदर्शी एवं मानकों के अनुरूप बनाने के लिए वांछित विभागीय सूचना साफ्टवेयर पर उपलब्ध रहेगा।

# यूपी बोर्ड : भौतिक विज्ञान की परीक्षा में पकड़ा गया सॉल्वर

संवाददाता, प्रतापगढ़

- आंतरिक सचल दल ने सॉल्वर को पकड़ा, प्रांतीय पर्यवेक्षक ने केंद्रों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड इंटर भौतिक विज्ञान की परीक्षा में आंतरिक सचल दल ने सॉल्वर को पकड़ लिया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। केंद्र व्यवस्थापक ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए स्व. भगवत प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज तिलौरी कुंडा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दूसरी पाली में इंटर भौतिक विज्ञान की परीक्षा के समय आंतरिक सचल दल ने परीक्षार्थियों की तलाशी ली। परिचय पत्र और आधार कार्ड से मिलान करने पर एक परीक्षार्थी पर सचल दल का आशंका हुई। पूछताछ के बाद युवक ने दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने की बात स्वीकार की। कुंडा निवासी नीरज सरोज अपने साथी फूलचंद्र गौतम के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया। केंद्र व्यवस्थापक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच कर मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रथम पाली में हुई। 48754 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 4375 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली मे ही इंटर कंप्यूटर और कृषि विषय की परीक्षा में 315 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, तर्कशास्त्र विषय की परीक्षा दूसरी पाली में हुई। 34543 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 2660 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्रांतीय पर्यवेक्षक दिनेश सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा कराने का निर्देश दिया।

## आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में सचिव ने दर्ज कराया मुकदमा

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने सोमवार को सिविल लाइंस थाने में परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मुकदमे में वह खुद वादी बने हैं। इससे पहले पेपर लीक के मामले में परीक्षा नियंत्रक को पद से हटाते हुए राजस्व परिषद भेजा था। समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने सिविल लाइन थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इस मामले में आयोग के ईमेल पर अब तक मिले साक्ष्यो के प्रथम दृष्टि से द्वितीय प्रश्न पत्र व उसके सामने अंकित उत्तर 11 फरवरी 2024 को परीक्षा प्रारंभ होने के निश्चित समय होने के कारण स्पष्ट है। तकनीकी सत्यापन व संपूर्ण प्रकरण की जांच और उसमें शामिल दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जाये। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस राम आश्रम ने बताया कि पेपर लीक के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने लगाई दौड़

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को नारी शक्ति वंदन पद यात्रा (मैराथन) का आयोजन किया गया सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर से शुरु किया गया। जिसका शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने झंडी दिखाकर किया। मैराथन पत्थर गिरजा घर से सुभाष चौराहे समाप्त हुई।

जिसमें महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपनी शक्ति दौड़ की यात्रा में जमकर नारेबाजी की। लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सोमवार को महिला शक्ति मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कृतिका अग्रवाल व नारी शक्ति वंदन की संयोजक प्रतीक त्यागी के अगुवाई में सैकड़ों भाजपा कार्यकत्रियों ने पत्थर गिरजा घर से पद यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा में महिलाओ ने जमकर नारे बाजी की। हांथ पीएम मोदी और स्लोगन लिखी तख्ती लेकर सड़कों पर दौड़ लगाना शुरु कर दिया। इस दौरान डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आज हमारा देश आगे बढ़ रहा है। देश की महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। मातृशक्ति तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। वहीं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के हित के लिए तमाम योजनाएं शुरू की गई है। जिसमें महिलाएं आज खुद स्वालंबी और अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए किया जा रहा है। पूर्व महापौर ने इस बार 400 पार्क का नारा लगाया। वही संयोजक आभा सिंह व नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के संयोजक प्रतीक त्यागी ने यात्रा के बारे में बताया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा भी महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए दौड़ में शामिल हुए। नारी शक्ति वंदन दौड़ में माला चतुर्वेदी, सरोज गुप्ता, आभा सिंह, शिखर रस्तोगी, वंदना सिंह, उषा गुप्ता, कविता तोमर, अनामिका कौशिक, अंजली दुबे, रेनू श्रीवास्तव, मीरा सिंह, के साथ अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।



भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को नारी शक्ति वंदन पद यात्रा (मैराथन) के आयोजन में शामिल महिलाएं।

- नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का लिया संकल्प

## डीडीओ ने लापरवाही बरतने पर वीडीओ को निलंबित किया

**संवाददाता, प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का पैसा खर्च न किए जाने पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने कुंडा के जमेठी गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार पटेल को निलंबित कर दिया गया है। इन पर विकास कार्यों में रुचि न लिए जाने, अधिकारियों के निर्देशों का पालन न करने, समय से प्रधानमंत्री आवास पूर्ण न किए जाने आदि का भी आरोप है। उक्त प्रकरण की जांच करने की जिम्मेदारी कालाकांकर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी को मिली है। सचिव को बीडीओ कार्यालय कुंडा में अटैच किया गया है।

## शोकसभा कर अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, प्रतापगढ़।** कचहरी में जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन कार्यालय पर सोमवार को अधिवक्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता जूनियर बार के कार्यवाहक अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र व संचालन महामंत्री संतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता कन्हैया लाल के आकस्मिक निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# क्रॉकरी की दुकान में लगी आग

संवाददाता, पट्टी प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** क्रॉकरी की दुकान के ऊपरी मंजिल पर स्थित गोदाम में सोमवार दोपहर आग लग गई। प्लास्टिक के सामान चपेट में आने से लपटें उठने लगीं। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड का टैंकर का पानी खत्म हो गया। बाद में मुख्यालय और रानीगंज से फायर टैंकर पहुंचे तो आग को काबू में किया। आग से क्रॉकरी की गोदाम जलकर राख हो गई।

पट्टी चौक के पास मारवाड़ी टोला में अनिल कुमार पांडेय की मुख्य मार्ग पर क्रॉकरी की दुकान है। दुकान के ऊपर की मंजिल पर उन्होंने टिनशेड का गोदाम बना रखा है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गोदाम में आग लग गई। धुंआ उठते देख लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। प्लास्टिक के सामान जलने से आग की लपटें उठने लगीं तो आसपास के लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। सूचना पर करीब ही इंटर कॉलेज में रहने वाले फायर ब्रिगेडकर्मी पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार कर्मियों ने जैसे ही आग बुझाना शुरू किया पानी खत्म हो गया। आसपास के लोगों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर टैंकर में पानी भरा तो पौन घंटे बाद फिर से आग बुझाने का काम शरू हुआ। कुछ देर बाद मुख्यालय से दो और रानीगंज से एक फायर टैंकर आ गया। हालांकि तब तक कस्बे के लोगों ने छत की टिनशेड तोड़ दिया। फायर ब्रिगेड के लोग भी सड़क से सीढ़ी लगाकर बाहर की ओर जाली तोड़े तो करीब दो घंटे बाद ढाई बजे आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही सामान आया था। एक करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान हुआ है।



क्रॉकरी की दुकान से उठता धुआं

- लाखों का सामान राख

## मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत 157 जोड़ों के हाथ हुए पीले

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में गरीब बेटियों के विवाह हेतु शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। नगर निगम प्रयागराज की तरफ से शहर के नार्दन रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, तेलियरगंज में सोमवार को 157 जोड़ों के हाथ पीले हुए है। कार्यक्रम के प्रभारी नोडल अधिकारी नगर निगम प्रयागराज के अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय बताते हैं कि मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के अंतर्गत 581 जोड़ों ने विवाह के लिए पंजीकरण कराया था। पंजीकरण के बाद सभी आवेदन पत्रों की सघन जांच की गई जिसमे 180 जोड़े पात्रता में सही पाए गए। इस तरह समारोह में उपस्थित कुल 157 जोड़ों का कन्यादान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में किया गया।

# सूदखोरों से तंग होकर कारोबारी ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**संवाददाता, प्रयागराज, नैनी। अमृत विचार :** सूदखोरों से तंग आकर एक कारोबारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। घरवाले उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन बेटे को नहीं बचा सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पिता ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर थाने पर दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना घूरपुर थाना अंतर्गत इरादत गंज बाजार में रविवार रात की है। जानकारी के मुताबिक इरादतगंज बाजार के रहने वाले विद्याकांत यादव (25) पुत्र सोहनलाल यादव की बाजार में मिठाई की दुकान चलाते थे। रविवार पद देर शाम विद्याकांत ने पर के अंदर ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले विद्याकांत की सांसे थम गई। घरवालों के मुताबिक विद्याकांत ने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर यह कदम उठाया है। सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पिता सोहन लाल ने दो लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत थाने में की है। वहीं मां गुड्डी देवी और पिता सोहनलाल का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पत्नी कल्पना पति की मौत की खबर सुनने के बाद बेसुध हो गयी। मृतक विद्याकांत तीन बहनों में अकेला था। पिता सोहनलाल ने बताया कि विद्याकांत ने कारोबार के लिए दो लोगों से दस रुपए सैकड़े पर कर्ज लिया था। रोज कर्ज वसूली को लेकर बेटे को प्रताड़ित किया जा रहा था।

## नए कोतवाल ने लिया चार्ज

**अमेठी।** पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर से स्थानांतरण होकर आये कृष्ण मोहन सिंह कोतवाली का चार्ज ले लिया है। इसके पहले कोतवाली का चार्ज लंबे समय तक अरुण कुमार द्विवेदी के पास रहा है।

चार दिन पहले उनका भी स्थानांतरण गैर जनपद हो गया था। प्रभारी निरीक्षक के रूप में कोतवाली में तैनात जिलेदार यादव कार्यभार देख रहे थे। सोमवार को इंस्पेक्टर कृष्ण मोहन सिंह ने कोतवाली का चार्ज लेने के बाद सभी एसआई और कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ आम जनता की समस्यायों का त्वरित निस्तारण और अपराध नियंत्रण हमारी प्राथमिकता होगी।

## सार-संक्षेप

### ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

**अमृत विचार। अमेठी।** थाना क्षेत्र के पीठीपुर ईंट भट्ठे से रविवार बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा भट्ठे पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली को लापता कर दिया गया। भट्ठे की मुंशी की सूचना पर भट्ठा मालिक ने अमेठी पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की गयी है। गौरीगंज थाना क्षेत्र के कौहार निवासी अजय सिंह उर्फ राजा का अमेठी थाना क्षेत्र के पीठिपुर में ईंट भट्ठा स्थित है जहां रविवार रात करीब 8 :00 बजे अज्ञात चोरों द्वारा भट्ठे पर खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली को चोरी कर लिया गया। वहीं 9 :00 बजे रात घटना की जानकारी होने पर भट्टे के मुंशी द्वारा भट्ठा मालिक अजय सिंह को सूचना दी गई। वहीं पीड़ित भट्ठा मालिक की तहरीर पर अमेठी पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट

**भेटुआ ,अमेठी।** मई गांव में सांसद अमेठी स्मृति ईरानी के आदेश पर हुई पैमाईश के मामले में पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि से मारपीट हुई है। बीते सप्ताह पीपरपुर थाना में प्रधान प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि सांसद अमेठी के निर्देश के अनुपालन में एसडीएम अमेठी के आदेश पर गांव में पैमाईश के लिए राजस्व टीम के साथ प्रधान प्रतिनिधि राजेश तिवारी गए थे जहां पूर्व प्रधान राम जतन यादव अपने साथियों के साथ इनसे मारपीट की थी। एक सप्ताह बाद फिर से दोनों पक्षों में मारपीट का मामला सामने आ गया। रविवार को हुई मारपीट में पूर्व प्रधान राम जतन यादव को चोट आई है जिसमे छः लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि के परिजनों ने पीपरपुर थाना में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि पूर्व प्रधान द्वारा अपने साथियों के साथ फिर से हमला किया गया।

### हादसे में घायल बालक की मौत

**फुरसतगंज (अमेठी)।** रविवार शाम सरवन गांव में श्री नाथ पाल की लड़की की शादी में शामिल होने अपनी माँ कमलेश के साथ आये कृष्णा उम्र 9 वर्ष निवाशी राजा का पुरवा टेकरी दांदू थाना डीह रायबरेली जो घर से बारात के जनवासे जा रहा था। तभी नहर मार्ग पर तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल रायबरेली ले गए। जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शनिचरा डेहरा गांव के मानसिक रूप से विक्षिप्त एक एक व्यक्ति पिछले 5 दिनों से घर से गायब था। परिवार उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

### चलाया गया चेकिंग अभियान

**अमेठी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा सर्किल गौरीगंज के अन्तर्गत एवं क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा सर्किल मुसाफिरखाना के अन्तर्गत विभिन्न बैंक शाखाओं एवं वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

### शिविर में हुई छह महिलाओं की नसबंदी

**फुरसतगंज ( अमेठी)।** सोमवार को परिवार नियोजन अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर बीके गुप्त व अधीक्षक डॉक्टर एचपी यादव ने महिलाओं को परिवार नियोजन के फायदे व विधि बताते हुए नसबंदी ऑपरेशन करवाने की लिए प्रेरित किया डॉक्टरों की बात मानकर नसबंदी के लिए तैयार हुई छ महिलाओं का ऑपरेशन करने के बाद दवाई देकर एम्बुलेंस की मदद से घर तक पहुंचाया गया

### मेले में 32 अभ्यर्थियों को दिया गया रोजगार

**अमेठी।** जिला समन्वयक आर0के0 अग्निहोत्री ने बताया कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत जनपद के भादर ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरके अग्निहोत्री के द्वारा किया गया तथा 4 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया जिसमें 82 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 32 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक आरके अग्निहोत्री, जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह, मृत्युन्जय तिवारी, विवेक तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की हुई शुरुआत

**फुरसतगंज (अमेठी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज में सोमवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि के रूप मे उनके पुत्र मृगांकेश्वर शरण सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया और कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जन औषधि केंद्र खुल जाने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा और काफी कम दाम में दवा मिलेगी। जन औषधि केंद्र के प्रोप्राइटर विशाल जायसवाल ने मुख्य अतिथि को बुके व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिह व अखण्ड प्रताप सिंह प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख तिलोई, अमेठी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंशुमान सिह व अधीक्षक डॉक्टर एच पी यादव, डॉक्टर विनय वर्मा को भी बुके व प्रतीत चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पंकज सिह, इरशाद, संजय सिह, श्यामू सिह, आदित्य पाण्डेय सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्मृति ईरानी को अमेठी से टिकट मिलने पर बांटी मिठाई

**फुरसतगंज (अमेठी )।** केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी को अमेठी से पुन: भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उमीदवार बनाये जाने पर जश्न का माहौल जनपद हर क्षेत्र में देखा जा रहा है। स्मृति जुबिन ईरानी अमेठी की दीदी के नाम से जानी जाती हैं 2014 में अमेठी की राजनीति में कदम रखा था। 2019 में हुए चुनाव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराकर अमेठी सीट को अपने नाम कर लिया। ईरानी इस समय अमेठी से सांसद है 2024 के आम चुनाव का डंका बजने वाला है। भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है जिसमें स्मृति जुबिन ईरानी को अमेठी से पुन: भाजपा उम्मीदवार बनाया गया। यह खबर अमेठी पहुंचते ही जश्न का माहौल देखा गया। आतिशबाजी व मिठाइयां खिलाकर आपस में लोगों ने जश्न बनाया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नीलम भारती कोरी ने क्षेत्र में लोगों को मिठाई खिलाकर लोगों से 2024 में जिताने का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर दु:खी कोरी, राम पाल कोरी, साहेब लाल, राकेश कुमार मौर्या, आदि लोग उपास्थि रहे।

### पशुओं को नहीं मिल रहा समुचित आहार

**अमेठी।** नगर पंचायत की ओर से संचालित कान्हा गोशाला का बुरा हाल है। संरक्षित गोवंशों को समुचित आहार नहीं मिल रहा है। सूखा भूसा ही खिलाया जा रहा है। हरा चारा हफ्ते में एक दिन दिया जाता है। चारे के साथ चूनी, चोकर और मिक्चर मिनरल कभी नहीं दिया जाता। सोमवार को खराब मौसम के कारण संरक्षित पशुओं का बुरा हाल देखा गया। गोशाला की साफ-सफाई नहीं हुई थी। कान्हा गौशाला की केयरटेकर महिला ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में भूसा भंडार कक्ष में उपलब्ध है। हरा चारा दो दिन पहले आया था। आज देर शाम तक आने की संभावना है। पशु आहार भी गोदाम में रखा हुआ है। गेट खोलने से मना कर दिया उसने कहा कि जब तक किसी नगर पंचायत कर्मचारी और अधिकारी का परमिशन नहीं होगा हम गेट नहीं खोल सकते हैं। ईओ अभिनव यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले केयरटेकर से बाहरी व्यक्तियों द्वारा मारपीट हो गई थी जिसके कारण गेट हर समय बंद रहता है।

# धर्म दर्शन

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।



## आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता हैः "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4)में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य ), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक- प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत, चार घायल

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

- रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर से ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे
- पुलिस ने बस को कब्जे में लिया चालक हुआ फरार

**अमृत विचार :** मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम भीषण हादसा हो गया। दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर की तरफ जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल लाई, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय दिलावरपुर निवासी रवीना (21) पुत्री शमशुल और तीन साल की आलिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक आलिया की मां रुखसाना की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि महरुनिशान पत्नी युसुफ निवासी दिलावरपुर को बरेली अस्पताल भेजा गया है। चालक का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है। मोहम्मदी प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

## दक्षता और न्यायिक संतुलन न्याय प्रणाली की आवश्यकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लंबा आपराधिक इतिहास रखने वाले अपराधियों को जमानत देने से पहले उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा कि दक्षता और न्याय के बीच संतुलन बनाना कानूनी कार्यवाही का एक चुनौतीपूर्ण पहलू है। आपराधिक न्याय प्रणाली को इस प्रकार बनाया जाय, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकने के साथ-साथ गलत काम करने वालों को उनके कार्यों का परिणाम भुगतना तय हो।

कोर्ट ने आगे कहा कि यह एक दुखद सत्य है कि जघन्य अपराधी कानूनी कार्यवाही में खामियों का फायदा उठा कर बच जाते हैं। कानूनी खामियां आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को कमजोर करती हैं। पीड़ित ठगा हुआ सा महसूस करता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने भरत सिंह की दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। आरोपी के खिलाफ झांसी के नवाबाद पुलिस स्टेशन में आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मालूम हो कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास होने के कारण उसे दो मामलों में दोषी ठहराया गया है और पहली जमानत याचिका खारिज होने का कारण उसका आपराधिक इतिहास ही है।

### जयाप्रदा कोर्ट में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को दोपहर ढाई बजे कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। जमानत मिलने के बाद वह 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। जिस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

## वर्ग पहेली-362

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला,बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता,स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान,कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | | |
| | | 5 | | | |
| 6 | | | | | |
| | | | | 7 | |

### वर्ग पहेली - 361 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | | | ता | | ग |
| दे | | 4 यु | व | ती | |
| 5 व | शी | | ला | | 6 का |
| वा | | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | | टि |
| | | ठा | | 9 रैं | क |

## सुडोकू-79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 5 |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 5 | | 4 | | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

### सुडोकू - 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08 .04 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृष** – आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

**मिथुन** – आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

**कर्क** – आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

**सिंह** – आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

**कन्या** – आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

**तुला** – आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** – आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

**धनु** – आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मकर** – आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

**कुंभ** – आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

**मीन** – आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16 .00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा – सुबह : 11.34
- परदेसी बाबू – रात : 08.00

SONY MAX
- पागलपंती – सुबह : 09.00
- अफवाह – रात : 07.00

SONY PIX
- सुसाइड स्क्वॉड – सुबह : 09.34
- एक्वामैन – रात : 08.45

ZEE CINEMA
- सम्राट एंड कंपनी – सुबह : 10.30
- हैक्ड – शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- परंपरा – सुबह : 10.58
- बिल्लू – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर शाम 04 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लेग 1110 डीएमआई 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लेग 1130 बोल्ड 1150 डीएमआई 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11000-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

## रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7



प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'' मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

### चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीदः मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक- बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

# दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।



आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

## सर्राफा

**कानपुर**
चांदी 999 (प्रति किलो) 73,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 65,300
गिन्नी (प्रति नग) 48,600-48,800

**लखनऊ**
सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) 64,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 64,500
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42,500
चांदी (999) 73,000
चांदी तैयार 73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80,000

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 64,350
सोना जेवरात गिन्नी 63,350
चांदी पक्की 721 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 64,600
चांदी आभूषण 72,800।

## आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

## अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

# एआई पर परामर्श बड़े मंचों के लिए है स्टार्टअप के लिए नहीं: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राज्यमंत्री बोले-परामर्श का उद्देश्य एआई मंचों को है रोकना

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे बड़े मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों



के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''जो परामर्श जारी किए गए हैं, वे बड़े मंचों के लिए हैं। मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

# मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर खत्म किए

## मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

**शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।

### नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

## ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

# हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं विक्रमादित्य ने पार्टी नेतृत्व से बात की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने किया यह दावा

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। एक पार्टी सूत्र ने कहा-सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।'' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते। सूत्रों ने दावा किया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब सदन में सदस्यों की कुल संख्या 62 रह गई है और सरकार के पास बहुमत के जरूरी आंकड़े 32 से अधिक विधायकों का समर्थन है। उन्होंने दावा किया कि बागी विधायक माफी मांग रहे हैं और संदेश भेज रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की है और अपने मुद्दों से अवगत कराया है।

## जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### एनएचएआई रिश्वत रैकेट

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

## इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के दो आरोपी गोवा में गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया।

# वरिष्ठ टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

### गुजरातः कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

## कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

# कोर्ट ने की महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे



और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। बाद में उन्होंने पक्षकारों की सूची से सभी मीडिया घरानों और सोशल मीडिया कंपनियों को हटा दिया था।

### ईडी पर हमलाः जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखालि में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी।



# सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

पेरिस, एजेंसी

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**



गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

# अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट

## अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता, हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं बल्लेबाज



बेंगलुरु, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे। रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

**● ओवर स्पिन, साइड स्पिन, स्टंप पर कसी गेंदबाजी के साथ वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करते हैं रविचंद्रन**



### नई चीजें आजमाने से हिचकिचाते नहीं अश्विन



**नई दिल्ली।** अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। पुजारा ने लिखा कि अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को देखता रहता है, उसके लिए कोई जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। 500 टेस्ट विकेट लेने के बाद अब वह 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह विभिन्न कारणों से यहां तक पहुंचा है। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। वह हमेशा चुनौती लेने के लिए तैयार रहता है और वह इस उपलब्धि का हकदार है।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

**चिली ओपन**

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

### कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 श्रृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रेक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

### भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं कैमरन ग्रीन



**वेलिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ दिसंबर में होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बजाय ग्रीन ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भी यही रणनीति थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना बड़ा फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की काबिलियत रखता हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की।

# मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

## रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

मुंबई, एजेंसी



शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

हैदराबाद, एजेंसी



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

### तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

# मैं कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुनने के बाद साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मांग बृजभूषण को हटाने और गिरफ्तार की थी। साक्षी ने 'मी टू' के प्रभाव पर पैनल चर्चा में कहा कि हम तरीके से इस प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

### कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ याचिका पर महासंघ से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को मामले में निर्देश के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

# मैनचेस्टर सिटी ने युनाइटेड को हराया



**ईपीएल**

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर युनाइटेड को 3-1 से हराया। मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर युनाइटेड को बढ़त दिलाई। इस गोल से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था। सिटी ने दूसरे हाफ में वापसी की। फोडेन ने 56वें मिनट में गोल दागा और फिर 80वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया। इस जीत से सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से 1 अंक पीछे है।

## बॉलीवुड हलचल

# ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

### शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है। जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

# 'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

# चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है, फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है। इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है। फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है। इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन, सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह, क्रिश भैया, वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

### अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

### ईरानः चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

**दुबई।** ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। उन्होंने पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

### कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान से सड़कें बंद, बिजली गुल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी भारी हिमपात और तेज बर्फीले तूफान के कारण कैलिफोर्निया में प्रमुख सड़कमार्ग पर यातायात बंद हैं। हजारों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। सर्दियों के तूफान ने गुरुवार से उत्तरी कैलिफोर्निया और पर्वत श्रृंखलाओं को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे इस क्षेत्र में 3.6 मीटर तक भारी हिमपात हुआ और 3.5 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की तेज हवाएं चल रही हैं। रविवार को विभिन्न इलाकों में परिवहन नेटवर्क प्रभावित रहा तथा घरों में बिजली कटी रही। सबसे भीषण बर्फीले तूफान ने परिवहन नेटवर्क को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है।

### पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

**शिमला।** हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खलन हुआ, लेकिन किसी हताहत की कोई सूचना नही है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी पहाड़ी में न जाने की हिदायत दी है।

## बेंगलुरुः रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चला है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

## एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन आप कोई कॉल तभी कर सकेगा, जब आप उसे इजाजत देंगे। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं। इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें का विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

### कॉल पर होंगे ये फीचर्स

एक्स पर वीडियो-ऑडियो कॉल के दौरान यूजर्स स्पीकर, कैमरा फ्लिप, म्यूट और कट के ऑप्शन मिलते हैं। अगर आप कॉल को स्पीकर पर रखना चाहते हैं तो इसके लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। कैमरा बटन पर टैप कर आप कॉलिंग के दौरान फ्रंट से बैक कैमरा स्विच कर सकते हैं। माइक्रोफोन पर टैप कर म्यूट कर सकते हैं। इसके साथ कॉल कट करने के लिए आपको कैंसिल बटन पर टैप करना होगा।



### फीचर कैसे करें एक्टिवेट

एक्स पर कॉलिंग फीचर को इनेबल करने के लिए डायरेक्ट मैसेजेज (डीएम) के आइकन पर क्लिक करना है। फिर इसके बाद डीएम ऑप्शन में ऑडियो और वीडियो कॉलिंग फीचर को इनेबल करना होगा। कॉलिंग फीचर इनेबल होते ही आप एक्स पर यह भी सलेक्ट कर पाएंगे कि कौन से एक्स यूजर्स - वेरिफाई यूजर्स, फॉलोअर्स या ऐड्रेस बुक में मौजूद यूजर्स आपको कॉल कर पाएंगे।

### इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त



इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू- एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

## हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। इस हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हुए हैं। घटना को देखते हुए सरकार ने देश में इमरजेंसी लागू की है।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार बीते दिनों दो जेलों पर हमला किया, खतरे को देखते हुए देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

# आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

### 24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद वह दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।





### शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

## नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी।



कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।



सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

## दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

- बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

### बीएपीएस मंदिर में उमड़े भक्त...



**अबु धाबी :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। ● एजेंसी

## अमेरिकाः 4 नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना, 6 माह तक मौजूद रहेंगे

**केप केनवरल, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था। दो चरणों वाला फाल्कन-9 राकेट फ्लोरिडा के अटलांटिक तट के साथ केप केनवरल में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रात 10:53 बजे लांच किया गया था।

# ट्रंप के खिलाफ निक्की की पहली जीत

- रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद

**वाशिंगटन, एजेंसी**

निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था। अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। वहीं निक्की हेली को 24 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है। मंगलवार को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं। ट्रंप अब तक आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, साउथ कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत चुके हैं।



## जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

# पारिवारिक वीजा की आय बढ़ने से प्रवासी परेशान

- ब्रिटिश सरकार के न्यूनतम आय 40.6 लाख करने से 20 लाख भारतीयों पर होगा असर

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटिश सरकार ने प्रवासियों की संख्या घटाने के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। इसके तहत पारिवारिक वीजा के लिए न्यूनतम आय सीमा 19.5 लाख से बढ़ाकर करीब 40.6 लाख रुपये कर दी जाएगी। इस फैसले का 20 लाख ब्रिटिश भारतीयों पर सीधे तौर पर असर हो रहा है। इससे हजारों भारतीयों की शादी की योजना पर ब्रेक लग गया है।

ब्रिटिश सरकार की इस योजना को लेकर अप्रवासियों में आक्रोश है। बता दें, सबसे बड़ा असर नर्स जैसे देखभाल कर्मियों पर पड़ रहा है, जो अकेले रह रही हैं। मैनचेस्टर में वैज्ञानिक ब्रिटिश भारतीय हरतोष सिन्हा ने बताया कि मैं दिल्ली में रह रहीं मंजूषा से शादी की तैयारी कर रहा था। मेरी आय 26 लाख ही है। ऐसे में मंजूषा के साथ शदी का सपना टूट गया है। ब्रिटिश नागरिक जेसिंडा मैथ्यू भारतीय पति के साथ बेंगलुरु में रहती हैं। वे मां-पिता के पास ब्रिटेन जाने की सोच रही थीं। पर लैब असिस्टेंट के रूप में 38 लाख की नौकरी मिलना नामुमकिन है। बता दें, बड़ी संख्या में भारतीय मूल के चिकित्सा पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (बीएपीआईओ) ने सुनक सरकार को पत्र लिखा है। इसमें कहा, 'विदेशी देखभाल कर्मियों को अपने आश्रितों को ब्रिटेन लाने से रोकने की योजना हमारे सदस्यों के लिए बहुत चिंताजनक और परेशान करने वाली है। ब्रिटेन में स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों का वर्क वीसा में हिस्सा लगभग आधा है। कम वेतन होने से उनके पास अपने परिवार को साथ लाने का विकल्प नहीं बचेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक डॉ मेडेलीन सुम्पशन ने कहा, 'परिवार के सदस्यों के अलग देशों में रहने के कारण लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

### आश्रितों को सिर्फ वो ही लाएं, जो आर्थिक मदद कर सकें

पारिवारिक वीजा श्रेणी के तहत ब्रिटिश निवासी अपने जीवनसाथी को साथ रखने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी कारण प्रवासी भारतीयों द्वारा शादी की योजना के साथ इसके लिए आवेदन किया जाता है। पिछले साल 5,870 भारतीयों को पारिवारिक वीजा दिया गया था। तब न्यूनतम सालाना आय 19.54 लाख रुपये की बाध्यता थी। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इस वीजा के लिए आय सीमा बढ़ाकर हम यह तय करेंगे कि लोग केवल उन आश्रितों को लाएं जिनकी सहायता वे आर्थिक रूप से कर सकें। ये वृद्धि जरूरी थी, क्योंकि 2012 से आय सीमा नहीं बढ़ाई गई थी।

## अमेरिकाः पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल

**किंग सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारीकी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।

किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, "किंग सिटी में तीन लोग बंदूक की गोली से घायल पाए गए, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।" पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। वहीं, इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि तीनों घायल लोगों को सेलिनास के नतिविदाद अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

**विज्ञान** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

# पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

### ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।